तापमान

अधिकतम 28.3 डिग्री

न्यूनतम 12.3 डिग्री

हरिभूमि

रायपुर भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025




14 हरदी एनीकट के गेट को असामाजिक तत्वों ने...



14 खुला दूध बेचने वालों ने डेयरी कंपनी के खिलाफ...

# रास नहीं आई घरेलू उड़ान... नहीं मिले यात्री, जगदलपुर की तरह बिलासपुर-अंबिकापुर फ्लाइट भी ग्राउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के भीतर विभिन्न शहरों को आपस में वायु मार्ग से जोड़ने के लिए घरेलू उड़ान की योजना बेहतर रिस्पांस के अभाव में खटाई में पड़ती नजर आ रही है। जगदलपुर को रायपुर से जोड़ने फिर रायपुर-बिलासपुर-अंबिकापुर को कनेक्ट करने शुरू की गई फ्लाइटों को कुछ समय में ही बंद करना पड़ गया। इसकी वजह किराया ज्यादा होना और पर्याप्त संख्या में यात्रियों का नहीं होना था। छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों को हवाई मार्ग से आपस में जोड़ने के लिए घरेलू विमान सेवा की योजना बनाई गई थी। इसके लिए करीब तीन साल पहले रायपुर-जगदलपुर के बीच एयर ओडिशा एयरलाइंस से अनुबंध किया गया था। कंपनी अपने छोटे एयरक्राफ्ट के माध्यम से यात्रियों को दोनों शहर के बीच यात्रा करने की सुविधा दे रही थी। शुरुआत में सफर ठीक रहा, इसके बाद यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से इसकी चाल अनियमित हो गई और अनुबंध समाप्त करना पड़ा। इसके बाद एयर इंडिया ने रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद को आपस में जोड़ने फ्लाइट शुरू की। इस कंपनी की फ्लाइट ठीक चल रही थी, तो इंडिगो ने भी इसी सेक्टर में अपनी उड़ान शुरू की। रायपुर-जगदलपुर के बीच दोनों फ्लाइट को कम संख्या में यात्री मिलने लगे, तो दोनों कंपनियों ने संचालन से अपना हाथ पीछे खींच लिया। अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर के बीच फ्लायबिग नामक कंपनी ने सालभर पहले अपनी विमान सेवा प्रारंभ की थी। शुरुआती दिनों ▶▶|शेष पेज 13 पर

## रायपुर-जगदलपुर के बीच तीन कंपनियों का उड़ा था विमान, यात्री नहीं मिले तो हो गई बंद

### विंटर शेड्यूल में बंद हुई

रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद को जोड़ने वाली इंडिगो की फ्लाइट को पिछले साल विंटर शेड्यूल में शामिल नहीं किया गया था। उस दौरान यह अनुमान लगाया गया था कि फ्लाइट गर्मी के मौसम में पुनः उड़ान भर सकती है, मगर ऐसा नहीं हुआ। दोनों शहरों के बीच यात्रा करने वालों को तीन हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे थे, इसलिए उनकी संख्या कम थी। यात्री कम होने की वजह से विमानन कंपनी ने भी इस फ्लाइट को नियमित रखना जरूरी नहीं समझा।







### औपचारिकता पूरी नहीं की

विमानन कंपनियों को अपनी आवाजाही का शेड्यूल बनाए रखने के लिए डीजीसीए के सामने औपचारिकता पूरी करनी पड़ती है। छोटी फ्लाइट में कम यात्री की वजह से फ्लाय बिग ने अक्टूबर से लागू विंटर शेड्यूल से अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर फ्लाइट को अलग कर दिया। इस फ्लाइट को 19 दिसंबर 2024 में हरी झंडी दिखाई गई थी। शुरुआती दिनों में इसे सप्ताह में एक दिन चलाया गया, फिर अवधि बढ़ाकर 5 दिन किया गया। इसके बाद उड़ान में कटौती होने लगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक पुलिस कर्मी के साथ मारपीट, अपराध दर्ज




**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने के आरोप में अज्ञात पांच वाहन मालिकों के खिलाफ गंज थाने की पुलिस ने मारपीट तथा शासकीय कार्य में बाधा डालने का अपराध दर्ज किया है। आरक्षक मोती लाल लहरे ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मोती लाल ने पुलिस को बताया है कि तीन दिन पूर्व 22 दिसंबर को रेलवे स्टेशन के पास एसबीआई एटीएम के पास पार्क की पांच बाइक को क्रेन से उठाकर गंज थाना स्थित ट्रैफिक थाना ले आया। इस बात से नाराज होकर दोपहिया मालिकों ने ट्रैफिक पुलिस के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की थी।

### जेवर साफ करने का झांसा देकर ठगी



**रायपुर।** धरसींवा थाना में एक महिला ने दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ पुराने जेवर तथा बर्तन चमकाने का झांसा देकर 50 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पवनी निवासी लक्ष्मी यादव ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। लक्ष्मी ने पुलिस को बताया है कि दो अज्ञात महिला कंपनी का प्रचार करने के नाम पर मुफ्त में बर्तन तथा जेवर साफ करने के बाद पैसा देने का झांसा देकर जेवर तथा बर्तन की सफाई की। इस दौरान अज्ञात महिलाएं झांसा देकर जेवर लेकर रफूचक्कर हो गईं।

### कमेंट करने के विवाद पर मारपीट



**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथी के खिलाफ सोशल मीडिया में कमेंट करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जोरा, कृष्क नगर निवासी किशन यादव ने श्याम राजपूत तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। किशन ने पुलिस को बताया है कि श्याम तथा उसके साथी ने अपने इंस्टाग्राम में कमेंट करने की बात को लेकर विवाद करते हुए मारपीट की।

### रोड एक्सीडेंट में मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट में मृतक की पत्नी घायल हो गई। महिला का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक रोड एक्सीडेंट में मनहरण वर्मा की मौत हुई है और उसकी पत्नी रेखा घायल हुई है। पुलिस के अनुसार मनहरण अपनी पत्नी के साथ बाइक में सिलतरा जा रहा था। मोहदी ओवरब्रिज के पास रोड में भैंस आने की वजह से मनहरण ने अपनी बाइक में ब्रेक लगाया। इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार स्कार्पियो सीजी 02 एयू 0470 के चालक ने बाइक को ठोकर मार दी। चारपहिया की ठोकर लगने से मनहरण बाइक से गिर गया और गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## कांकेर में धार्मिक हिंसा के विरोध में बंद का आयोजन, बंद रहे बाजार, दुकानें, पेट्रोल भी नहीं मिला

# शहर पूरी तरह बंद रहा, मॉल में तोड़फोड़ बस टर्मिनल, फल-सब्जी बाजार भी सूने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांकेर में धार्मिक हिंसा के विरोध में आयोजित बंद पूरी तरह सफल रहा। दोपहर दुकानें बंद रहीं। पेट्रोल पंप, सब्जी-फल की दुकानें तक नहीं खुलीं। बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने खुले पाने पर मैग्नेटो मॉल सहित कई स्थानों पर तोड़फोड़ की। इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस संचालन को लेकर हंगामा करने की सूचना है, लेकिन पुलिस ने इसकी अधिकृत तौर पर किसी तरह से पुष्टि नहीं की है। मॉल में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

प्रदर्शनकारी तड़के जयस्तंभ चौक सहित राजधानी के प्रमुख चौराहों पर एकत्रित होकर व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद कराने के लिए निकले थे। बंद के चलते दूध तथा सब्जी के लिए लोग भटकते नजर आए। बस, टैक्सी के संचालन बंद होने से यात्रियों को परेशानी हुई। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स का समर्थन मिलने से बंद पूरी तरह से सफल रहा। बंद की वजह से शहर के ज्यादातर व्यस्त इलाके खाली रहे। प्रदर्शनकारियों ने कटोरा तालाब स्थित एक ब्लिंकिट स्टोर के कर्मी के साथ हाथापाई की। बताया जा रहा है, ब्लिंकिट कर्मचारी स्टोर में स्टॉक का मिलान कर रहा था। इस दौरान प्रदर्शनकारी स्टोर में घुस गए और बदसलूकी करते हुए पुरुष कर्मी के साथ हाथापाई की। ▶▶|शेष पेज 13 पर





### बंद, सरकार और संघ प्रायोजित था : कांग्रेस

तथाकथित सर्वसमाज के नाम पर जबरिया छत्तीसगढ़ बंद कराने का प्रयास सरकार और संघ प्रायोजित था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आरएसएस और उससे जुड़े हुये संगठनों के लोग तथा भाजपा कार्यकर्ता बंद कराने सड़कों पर उतरे। प्रदेशभर में बंद कराने वालों ने पुलिस के संरक्षण में आतंक फैलाया। राजधानी रायपुर के मैग्नेटो मॉल में 100 से अधिक लोग पुलिस की मौजूदगी में लाठियां और हथियार लेकर घुसे तथा तोड़-फोड़ की, पुलिस मूकदर्शक बनी रही। उन्होंने कहा, आज का बंद धर्मांतरण के विषय पर सरकार द्वारा अपनी नाकामी की स्वीकारोक्ति थी। सारा प्रदेश देख ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मॉल में घुसकर की तोड़फोड़

बंद कराने निकले प्रदर्शनकारी लाभांडी जाते समय अचानक मैग्नेटो मॉल के अंदर पहुंचे। क्रिसमस को लेकर मॉल में स्टेज सजा रहे लोगों के साथ प्रदर्शनकारियों ने झूमाझटकी की और मॉल के बाहर तथा मॉल के अंदर बनाए स्टेज में जमकर तोड़फोड़ की। इसके साथ ही प्रदर्शनकारी मॉल के अंदर मल्टीप्लेक्स चालू है या बंद, इस बात की पतासाजी करने पहुंचे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ के सामने मॉल के सुरक्षाकर्मी बेबस नजर आए। मॉल में सुरक्षा के लिहाज से गिनती के पुलिसकर्मी थे। पुलिस ने यहां तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।


### दोपहर बाद खुली शराब दुकानें

बंद से शराब दुकानें भी प्रभावित रहीं। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इस बात को देखते हुए राजधानी की ज्यादातर शराब दुकानें बंद रहीं। शराब दुकान शाम चार बजे के बाद खोली गईं। प्रशासन ने पेट्रोल पंप को बंद नहीं कराने के निर्देश दिए थे, बावजूद इसके कई स्थानों में प्रदर्शनकारियों द्वारा जबरिया पेट्रोल पंप बंद कराए जाने की सूचना है।

### धर्मांतरण के विरुद्ध जनजाति समाज और पूरा प्रदेश एकजुट है : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, धर्मांतरण और उसकी आड़ में हुई हिंसक गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में भय, दबाव और प्रलोभन के जरिए किए जा रहे धर्मांतरण के विरुद्ध पूरे प्रदेश में काफी रोष है।उन्होंने कहा, इस तरह का धर्मांतरण एक आपराधिक कृत्य है और इसे रोकने के लिए अब कड़ा कानून बनाया जाएगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा, छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सनातनी परम्पराओं पर धर्मांतरण के जरिए हो रहे हमलों के खिलाफ भाजपा मुखर रही है और अब आदिवासी सर्व समाज के साथ पूरा प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत, आस्था और परम्पराओं की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़ा हुआ है। इससे पूरे प्रदेश व देश में यह संदेश गया है कि भय, दबाव और प्रलोभन के जरिए किया जा रहा धर्मांतरण सख्ती से रोका जाए।

## असरदार नहीं हो रहा पश्चिमी विक्षोभ, दिसंबर की तरह जनवरी में कड़ाके की ठंड के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार पश्चिमी विक्षोभ असरदार नहीं होने की वजह से दिसंबर का महीना कड़ाके की ठंड के साथ बीत रहा है। आमतौर पर बनने वाले विक्षोभ शुष्क और ठंडी हवा को रोकते हैं, मगर इस बार ऐसा नहीं हो रहा है। अंदाजा इस बात का लगाया जा रहा है कि दिसंबर की तरह जनवरी में भी कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। अगले तीन दिन तक उत्तर और मध्य हिस्से के कुछ हिस्सों में शीतलहर जैसे हालात बनेंगे।

- उत्तर और मध्य इलाकों में बना हुए शीतलहर के हालात

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी प्रशांत महासागर के मध्य भाग में ला-नीना का असर है। इसकी वजह से औसत तापमान भी सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। दूसरी ओर ठंड के इस मौसम में आने वाला पश्चिमी विक्षोभ अक्सर न्यूनतम तापमान को गिरने से रोकता है। इस बार कम संख्या में विक्षोभ सक्रिय हुआ जो असरदार भी नहीं था। इसकी वजह से मौसम में शुष्कता बनी रही और ठंड बरकरार रही। पिछले चौबीस घंटे में दुर्ग जिले के कुछ पैकेट में शीतलहर का प्रभाव बना रहा है। इसके अलावा अंबिकापुर और उसके मैनपाट जैसे इलाकों में ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। उत्तरी हिस्से में धुंध के असर से सुबह आवागमन प्रभावित हो रहा है। वहीं मध्य इलाके में इसका ज्यादा असर नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान अंबिकापुर का 5.5 रिकार्ड किया गया और रायपुर का पारा 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## वार्षिक परीक्षा से पहले बनानी है अपार आईडी, 100% कहीं नहीं, 8 जिले 70% से नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के किसी भी जिले के स्कूलों में अपार आईडी बनाने का कार्य 100% पूर्ण नहीं हो सका है। कई जिले तो ऐसे हैं, जो अब तक 70% का भी लक्ष्य हासिल नहीं कर सके हैं। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वार्षिक परीक्षाओं से पूर्व सभी छात्रों की अपार आईडी निर्मित कर लें, ताकि मुख्य परीक्षाओं के परिणाम अपार आईडी में लिंक किए जा सकें। अपार आईडी निर्माण के लिए छात्रों का आधार कार्ड होना अनिवार्य है। कई पालक छात्रों की निजता का हवाला देते हुए उनके आधार कार्ड देने से इनकार कर रहे हैं। इस कारण बड़ी संख्या में छात्रों की अपार आईडी नहीं बन सकी है। स्कूलों द्वारा अब इन पालकों की काउंसिलिंग करते हुए समझाया जा रहा है कि अपार आईडी उनके बच्चों के लिए क्यों जरूरी है और इसका असर उनके आकादमिक जीवन पर किस तरह से पड़ेगा। यू-डाइस और स्कूल रजिस्टर के डेटा मेल नहीं खाने, आधार में नाम, माता-पिता के नाम की मात्रा या जन्मतिथि में अंतर होने से भी आईडी बनाने में तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि 12 डिजिट का ▶▶|शेष पेज 13 पर

- पालक नहीं दे रहे आधार कार्ड, इस कारण हो रहा विलंब





### समाप्त होगी सत्यापन की जटिल प्रक्रिया

अब तक प्रवेश के लिए ही अपार आईडी को अनिवार्य किए जाने की तैयारी थी। लेकिन अब शासन द्वारा छात्रों को प्रदान की जाने वाली प्रत्येक सुविधा को इससे जोड़ने की तैयारी हो रही है। इसी स्थिति में यदि छात्र के पास अपार आईडी नहीं है तो उसे इन लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। इसमें छात्रवृत्ति सहित निशुल्क पाठ्यपुस्तक, शाला गणवेश, साइकिल वितरण जैसी योजनाएं भी शामिल हैं।

### एक वर्ष बाद भी लक्ष्य अप्राप्त

अपार आईडी बनाने का कार्य एक वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। लेकिन अब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सका है। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक प्रदेश के 33 जिलों में औसतन 87% अपार आईडी बनाने का काम पूरा कर लिया गया है। औसत आंकड़ों से पृथक व्यक्तिगत रूप से कई जिलों का प्रदर्शन अत्यधिक खराब है। प्रदेश के 8 जिलों में 67 से 79% तक ही अपार आईडी निर्मित हो सकी है। 12 जिले में यह आंकड़ा 80 से 89% तक पहुंच सका है। 13 जिले में 90 से 90% तक अपार अईडी बनाने का काम पूरा कर लिया गया है।

*किशोरी सहित अब तक सात गिरफ्तार*

## एमडीएमए ड्रग मामला, इवेंट मैनेजर सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



एमडीएमए ड्रग मामला में राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने इवेंट मैनेजर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। ड्रग रैकेट मामले में पुलिस ने एक किशोरी सहित कुल सात लोगों की गिरफ्तार की है। रैकेट से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पुलिस पतासाजी कर रही है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद ड्रग रैकेट के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने ड्रग रैकेट संचालित करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू किया। ड्रग सिंडिकेट से जुड़े इवेंट मैनेजर तथा डेकोरेटर मंदिर हसौद निवासी माजिद खान तथा नागपुर निवासी नंदलाल ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन दिन पूर्व वरण अपार्टमेंट के फ्लैट में रेड कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर पराग बरछा उर्फ रघु, शुभम राजू धावड़े, अमन शर्मा, शुभम सिंघनापुरे उर्फ आर्यन तथा एक किशोरी को एमडीएमए ड्रस के साथ गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से पुलिस ने साढ़े तीन लाख रुपए कीमत की 10 ग्राम एमडीएमए, चार मोबाइल फोन और 20 हजार रुपए नकद जब्त किए गए थे। पूछताछ में माजिद ने पुलिस को बताया है कि वह नंदलाल को फोन-पे के माध्यम से रकम ट्रांसफर करता था। इसके बाद उसे नंदलाल ड्रग भेजता था। इसके बाद वह पराग के माध्यम से युवाओं के बीच ड्रग सर्कुलेट करता था।

- सिंडिकेट से जुड़े लोगों की पुलिस लगातार कर रही पतासाजी



## लावारिश हालत में मिले 32 दोपहिया




**रायपुर।** वाहन चोरी की घटना को रोकने तथा चोरी की गाड़ियों की पतासाजी करने थानों की पुलिस तथा क्राइम ब्रांच पुलिस अभियान चला रही है। पुलिस की स्पेशल टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, आंबेडकर अस्पताल, मॉल सहित रायपुर के विभिन्न स्थानों की पार्किंग को चेक किया, तो अलग अलग पार्किंग स्थलों में लावारिश हालत में 32 दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। जब्त गाड़ियों को पुलिस ने गंज थाना परिसर में खड़ी कर वाहन मालिक को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर वाहन सौंपने हेल्पलाइन नंबर 9893425568 जारी की है।

## शराब पीने के बाद चखना में ठंडा भजिया के विवाद पर साथी की हत्या

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खम्हारडीह थाना क्षेत्र में शराब पीने के बाद चखना में ठंडा भजिया लाने के विवाद पर एक डेयरी कर्मचारी ने अपने साथी को रॉड से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात की है। हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। दुर्गेश सतनामी की हत्या के आरोप में पुलिस ने सनी साहू को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सनी ने पुलिस को बताया है कि मृतक तथा वो दोनों बहुत अच्छे दोस्त थे। घटना दिनांक को दोनों ने डेयरी के बाहर शराब सेवन किया। इसके बाद शराब पीने की और इच्छा होने पर दोनों डेयरी पहुंच गए। शराब पीने के पूर्व सनी ने दुर्गेश को चखना में गरम भजिया लाने के लिए कहा। दुर्गेश भजिया लेकर आया। भजिया ठंडा होने की वजह से दुर्गेश तथा सनी के बीच विवाद हुआ। दोनों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दुर्गेश की हाथ-मुक्कों से पिटाई करने के बाद सनी ने पास रखे लोहे की रॉड से सनी के छाती तथा गले में प्राणघातक हमला कर मौत के घाट उतार दिया। दोनों साहू डेयरी में काम करते थे। देर रात डेयरी संचालक चिंटू डेयरी की जांच करने पहुंचा, तो दुर्गेश को लहूलुहान देख उपचार कराने आंबेडकर अस्पताल लेकर गया, जहां चिकित्सकों ने दुर्गेश को मृत घोषित कर दिया।

### हत्या करने के बाद लाश के पास बैठकर रोता मिला

*दुर्गेश की हत्या करने के बाद सनी लाश के पास अपने कृत्य पर पश्चाताप करते हुए रोते मिला। साथ ही वह दुर्गेश को जगाकर उस पर भी रॉड से हमला करने की बात कहते मिला। रोते हुए सनी मृतक को होश में लाने की असफल कोशिश करते हुए भविष्य में कभी शराब नहीं पीने की कसम खाते हुए दुर्गेश द्वारा लाए भजिया को खुद खाने के साथ मृतक के मुंह में जबरन डालने की कोशिश करते हुए पागलों जैसी हरकत कर रहा था।*


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 115 शहरों में अटल परिसरों का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर 25 दिसम्बर को राज्य के 115 शहरों में नवनिर्मित अटल परिसरों का लोकार्पण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इनका लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम से अन्य 114 नगरीय निकाय वर्चुअली जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री 25 दिसम्बर को दोपहर साढ़े 12 बजे रायपुर के अटल एक्सप्रेस-वे में फुंडहर चौक पर स्थापित अटलजी की मूर्ति का अनावरण और अटल परिसर का लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नवीन विश्राम भवन में संवाददाताओं को 115 निकायों में अटल परिसरों के लोकार्पण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता और देश के विकास को नई दिशा देने वाले कई योजनाओं के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 25 दिसम्बर को 101वीं जयंती है।

अटलजी के जन्म शताब्दी वर्ष को छत्तीसगढ़ सरकार अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण व इसके विकास में उनके योगदान को रेखांकित करने तथा उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने उनके जन्म शताब्दी वर्ष में राज्य के हर नगरीय निकाय में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है।

- मुख्यमंत्री रायपुर के फुडंहर में करेंगे लोकार्पण, 114 निकायों में वर्चुअल जुड़ेंगे
- अटलजी की स्मृतियों को चिरस्थायी रखने सभी नगरीय निकायों में अटल परिसरों का निर्माण



## 192 नगरीय निकायों में 46.47 करोड़ की लागत से बनेगा

उन्होंने बताया कि अटलजी के 101वीं जयंती पर एक साथ राज्य के 115 नगरीय निकायों में अटल परिसरों का लोकार्पण किया जा रहा है। 11 नगर निगमों, 28 नगर पालिकाओं और 76 नगर पंचायतों में नवनिर्मित अटल परिसरों का लोकार्पण होगा। उन्होंने बताया कि नई सरकार के गठन के बाद वर्ष 2024 में अपने प्रथम विधानसभा सत्र में ही सरकार ने सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण की घोषणा की थी। निर्माण के लिए राज्य के 14 नगर निगमों को 50-50 लाख रुपए, 56 नगर पालिकाओं को 30-30 लाख रुपए तथा 122 नगर पंचायतों को 20-20 लाख रुपए दिए गए हैं। 192 नगरीय निकायों में कुल 46 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से अटल परिसरों का निर्माण किया जा रहा है।

## 60 निकायों में हो चुका है लोकार्पण

श्री साव ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसदों, विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा 60 निकायों में अटल परिसर का लोकार्पण पहले ही किया जा चुका है। शेष नगरीय निकायों में भी अटल परिसर के निर्माण का काम प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि शहरों में अटल परिसर का निर्माण प्रमुख स्थलों तथा उद्यानों में किया गया है। इसमें अटलजी की प्रतिमा की स्थापना के साथ-साथ परिसर एवं आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण एवं विकास भी किया जा रहा है। अटल परिसर से नागरिकों को एक आकर्षक, मनोरंजक एवं सक्रिय सामाजिक-सांस्कृतिक स्थल की सुविधा मिलेगी।

---

## खबर संक्षेप



### एम्स में हुआ 'सिकल सेल रोग-रोगी देखभाल एवं सहभागिता' पर सीएमई

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में "सिकल सेल रोगः रोगी देखभाल एवं सहभागिता" विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता एवं समझ को बढ़ाना तथा स्वास्थ्यकर्मियों, रोगियों, देखभालकर्ताओं और सामुदायिक संगठनों के बीच सार्थक संवाद को प्रोत्साहित करना था। सत्रों में व्यावहारिक अनुभवों और साझा विचारों के माध्यम से रोगी-केंद्रित देखभाल तथा समुदाय-आधारित सहयोग प्रणालियों को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में प्रो. एली मोहापात्रा ने सिकल सेल रोग के प्रभावी प्रबंधन हेतु बहु-विषयक एवं समुदाय-उन्मुख दृष्टिकोण पर बल दिया।

---

### केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय का निर्देश

# पीएम आवास शहरी 2.0 योजना की अवधि इस हफ्ते होगी खत्म, अप्रारंभ मकानों के लिए कोई राशि नहीं मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की मिशन अवधि अगले एक सप्ताह यानी इसी महीने में समाप्त हो रही है। इस संबंध में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि योजना के तहत स्वीकृत मकानों में अब तक जो मकान बनना शुरू नहीं हुए हैं यानी अप्रारंभ है, उनके लिए किसी प्रकार की राशि जारी नहीं की जाएगी। जिन आवासों के दिसंबर तक पूरा कर पाना संभव नहीं है ऐसे काम भी शुरू न किए जाएं।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को केंद्र के निर्देश के पालन में आदेश जारी कर दिया है। खास बात ये है कि केंद्र सरकार द्वारा मिशन के कामकाज में तेजी लाने के लिए इसी साल 4 सितंबर से 31 दिसंबर तक अंगीकार 2025 अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान अवधि में सभी नगरीय निकायों को पीएम आवास शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों में से अपूर्ण आवास को विशेष अभियान के तहत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### अंगीकार अभियान चलाकर अधूरा काम पूरे करने कहा था

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awas Yojana

### ये है मिशन की वर्तमान स्थिति

केंद्र सरकार द्वारा जून 2025 में आयोजित तीसरी केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ सहित 9 राज्यों के लिए कुल 2,34,864 आवासों को मंजूरी दी गई है। छत्तीसगढ़ के लिए इस योजना के तहत 5,103 मकानों के निर्माण के विशिष्ट निर्देश भी जारी किए गए हैं। राज्य सरकार ने सभी निकायों को 30 नवंबर 2025 तक नए प्रस्ताव केंद्र को भेजने के निर्देश दिए थे। वर्तमान में कई परियोजनाएं निविदा प्रक्रिया या भूमि आवंटन के चरण में हैं। पीएम आवास शहरी 2.0 एक नई योजना है (जो सितंबर 2024 में शुरू हुई), इसलिए इसके तहत अधिकांश स्वीकृत मकान वर्तमान में निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। पूर्ववर्ती चरणों के तहत राज्य में 8.46 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनका निर्माण कार्य जारी है। हितग्राहियों को मिलती है इतनी राशि पीएम शहरी 2.0 के तहत लाभार्थियों को 2.50 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। 3 लाख तक की वार्षिक आय वाले परिवार और 6 लाख तक की आय वाले इस योजना के पात्र हैं।

### अब केंद्र सरकार ने दिए ये निर्देश

भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश की जानकारी सभी नगरीय निकायों को राज्य सरकार ने भेजी है। इसमें साफ किया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की मिशन अवधि दिसम्बर, 2025 को समाप्त हो रही है। सभी नगरीय निकायों को निर्देशित दिया गया है कि योजना अन्तर्गत स्वीकृत आवासों में से अद्यतन अप्रारंभ आवासों हेतु किसी प्रकार की राशि जारी नहीं की जाए। अप्रारंभ आवासों को दिसम्बर, 2025 तक प्रारंभ कर पूर्ण किया जाना संभव नहीं होगा, इसलि ऐसे कार्यों को प्रारंभ न किया जावे।

### अधूरे मकानों को करें पूरा

सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि, अंगीकार 2025 अभियान को 31 दिसंबर-2025 तक मिशन मोड में निरन्त जारी रखा जावे। अभियान अविध अन्तर्गत नगरीय निकाय प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत स्वीकृत आवासों में से अपूर्ण आवासों को पूर्ण करते हुए सभी चरणों की नियमित जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जावे। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत स्वीकृत आवासों की शत-प्रतिशत ग्राउंडिंग सुनिश्चित की जाए।

### 31 दिसंबर के बाद नहीं मिलेगी कोई राशि

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों से कहा है कि 31 दिसम्बर, 2025 के बाद अपूर्ण आवासों हेतु केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जावेगी एवं ऐसे अपूर्ण आवासों को निकायों द्वारा स्वयं के संसाधनों से पूर्ण किया जाना होगा।

---

# पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने एक्ट में संशोधन की तैयारी

### 31 को हो सकती है कैबिनेट, अध्यादेश पर लगेगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली जनवरी में लागू हो सकती है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने एक्ट में संशोधन किया जा रहा है। राज्य सरकार ने 31 दिसंबर को कैबिनेट की बैठक बुलाई है, जिसमें एक्ट में संशोधन के लिए अध्यादेश पर मुहर लग सकती है।

उल्लेखनीय है कि पहले 1 जनवरी से कमिश्नर प्रणाली लागू करने की चर्चा थी, लेकिन अब इसमें विलंब हो सकता है। एक्ट में संशोधन के बाद जनवरी में ही राजधानी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होगी। यह तय हो गया है कि आईजी स्तर के अफसर पुलिस कमिश्नर के पद पर रहेंगे। पुराने पीएचक्यू भवन में पुलिस कमिश्नर दफ्तर लगेगा। कमिश्नर के लिए सेटअप भी तैयार हो गया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। पुलिस कमिश्नर प्रणाली के तहत पुलिस कमिश्नर को मजिस्ट्रियल पॉवर मिलेगा, जिससे अपराधों पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी। पुलिस कमिश्नर को शस्त्र लाइसेंस जारी करने, धारा 144 लागू करने और निषेधाज्ञा लगाने की शक्ति होगी।




### 15 अगस्त को हुई थी घोषणा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 15 अगस्त के भाषण में रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की घोषणा की थी। सरकार ने एडीजी प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाई जो मॉडल, रूपरेखा और ड्राफ्ट तैयार करने का काम कर रही है। समिति ने अन्य राज्यों के मॉडल की समीक्षा कर प्रस्ताव तैयार किया, जिसे राज्य सरकार के गृह विभाग को भेजा गया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट डीजीपी तथा गृह विभाग को सौंप दी थी।

### इन नामों की चर्चा

रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर के लिए रायपुर आईजी अमरेश मिश्र, बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला, दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग, सरगुजा आईजी दीपक झा के साथ आईजी अजय यादव के नाम चर्चा में हैं।



**खबर संक्षेप**



### हैदराबाद कुचिपुड़ी स्पर्धा में देवांशी शर्मा होंगी प्रतिभागी

**सिलयारी।** कुचिपुड़ी कलाकार का 27 दिसंबर से हैदराबाद इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 2025 में नाम दर्ज कराने के लिए जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में सिलयारी रेलवे स्टेशन के कर्मचारी सुजीत कुमार की पुत्री 8 वर्षीय देवांशी शर्मा भी मंच पर शामिल होकर 'तिल्लाना' की मनमोहक प्रस्तुति देकर नया विश्व कीर्तिमान स्थापित करेंगे। सुजीत कुमार ने मीडिया को बताया कि वर्तमान में मेरी पुत्री रायपुर के केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 3 में अध्ययन कर रही है। हम लोग मूलतः बिहार का निवासी है। पिछले 5 सालों से मांढर रेलवे स्टेशन के अलावा वर्तमान में सिलयारी में रेल्वे स्टेशन में कर्मचारियों के रूप में पदस्थ हूं। मुझे गर्व की बात है की मेरी पुत्री इस प्रतियोगिता में शामिल है ।

### बकतरा में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम आज

**आरंग।** ग्राम बकतरा (गोढ़ी) में 25 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिवकुमार डहरिया पूर्व केबिनेट मंत्री होंगे, जबकि अध्यक्षता गोपाल चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कविता हेमंत कश्यप एवं वतन चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य रायपुर उपस्थित रहेंगे। रात्रिकालीन मनोरंजन कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र रंगीला द्वारा लोकरंग की रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी।

### कूंरा अटल परिसर में अटल प्रतिमा का लोकार्पण आज

**कूंरा।** नगरपंचायत कूंरा में वार्ड 10 दर्री तालाब मुख्य मार्ग के किनारे पंचायत द्वारा शासन के गाइड लाइन के तहत अटल परिसर का निर्माण किया गया है । जिनमें भारत रत्न स्व पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का मूर्ति स्थापित किए गए है ।
जिनका आज 25 दिसंबर को 12 .30 बजे कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा वर्चुवल लोकार्पण किया जाएगा ।
नगरपंचायत कूंरा के मुख्यनगरपालिका अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि उक्त अटल परिसर का वर्चुवल लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि विष्णु देव साय जी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन , विशिष्ट अतिथि रमन सिंह अध्यक्ष विधान सभा छत्तीसगढ़ , कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण साव उपमुख्यमंत्री छग शासन द्वारा करेंगे । वहीं विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर , अनुज शर्मा विधायक धरसीवां , गोविंद साहू अध्यक्ष नप कूंरा , अलीराजा भैया उपाध्यक्ष नप कूंरा सहित नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण एवं वरिष्ठ नागरिकजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे ।

# वार्षिकोत्सव में छात्र- छात्राओं ने 'आपरेशन सिंदूर' पर प्रस्तुत किया जीवंत नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

स्थानीय शिक्षण संस्थान यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल और सजग कॉलेज में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. लखन लाल धीवर (उपाध्यक्ष, मछुआ कल्याण बोर्ड - राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

अपने संबोधन में डॉ. धीवर ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उन्हें आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जनपद सदस्य मनहरण वर्मा, सरपंच धन्ना धीवर, उपसरपंच राजेंद्र यदु तथा पंचगण गरिमामयी उपस्थिति में विराजमान रहे।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रिंसिपल आर. एम. भगत और कॉलेज के प्रिंसिपल अजय सेन ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बीते वर्ष की उपलब्धियों को साझा किया। सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, देशभक्ति गीत, तांडव नृत्य और सेमीक्लासिकल डांस के साथ-साथ विभिन्न प्रदेशों की लोक संस्कृतियों को मंच पर जीवंत कर दिया। विशेष रूप से छोटे बच्चों की थिरकन ने दर्शकों का मन गदगद कर दिया। वहीं, पंकज और उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत इमोशनल ड्रामा ने दर्शकों की आँखें नम कर दीं, जबकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जीवंत प्रदर्शन ने पूरे परिसर में देशभक्ति का जोश भर दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन उपप्राचार्य विनय वर्मा और एचएम अनामिका मुखर्जी द्वारा किया गया। समापन पर संस्थान के डायरेक्टर भागवत साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। खचाखच भरे इस समारोह में करीब 30 गांवों से आए अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास दिलाया कि संस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी।


कालेज और स्कूल का हुआ संयुक्त वार्षिकोत्सव

## शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, कैबिनेट मंत्री ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

# गुरु घासीदास जयंती पर श्वेत ध्वज के साथ निकाली शानदार शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के पास स्थित ग्राम बहनाकाड़ी में गुरु घासीदास जयंती पर्व उत्सव के दौरान 23 दिसंबर को सुबह से ही विभिन्न आयोजन जिसमें सर्व प्रथम जैतखंभ पर दीप प्रज्वलित किया गया। फिर दोपहर को सात श्वेत ध्वज के साथ शोभायात्रा निकाली गई । जो पूरे गांव भ्रमण किया जहां चौक चौराहे में पुष्प वर्षा कर श्री फल भेंट किया। जो जैतखाम के पास पहुंचकर बाबा जी की जयकारे के साथ पंथी के धुन में महा आरती के साथ पालो चढ़ाया गया। जिसमें महा आरती में गांव की माताए बहने बड़ी संख्या में सम्मानित हुई। वही जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री सम्मिलित हुए जो संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी के प्रतीक जैतखाम का पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब का आयोजक समिति और संत समाज ने पुष्प माला से स्वागत कर आशीर्वाद लिया। वही विशिष्ट अतिथि चितरेखा नरेन्द्र कुर्रे कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अशोक बंजारे ने किया। स्वागत के बाद मुख्य अतिथि को उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया जहां गुरु खुशवंत ने गुरु घासीदास बाबा जी के बताए हुए संदेश उपदेश और निर्देश को अपने जीवन अनुसरण करने की बात कही जिन्होंने मानव मानव एक समान के संदेश के साथ समता और समानता के साथ लोगो को जोड़ने का काम किया। वही समाज में बंधन और कसौटी होने की भी बात कही जहां कोई भी गलत करे उसे सजा निश्चित ही मिलना चाहिए और वे कोई भी हो बच नहीं सकता।वही गुरु खुशवंत ने सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि विष्णु देव की सरकार अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग के विकास और बड़े कॉम्पिटेटिव एक्जाम की तैयारी कर रहे बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग की भी व्यवस्था सरकार द्वारा किए जाने की बात कही। वही कार्यक्रम को आगे बहते हुए मुख्य अतिथि के हाथों गांव के प्रतिभा वान छात्रों का जो आई आई टी जैस संस्था में अध्ययन कर गांव का गौरव बढ़ रहे है और गांव के बच्चों को प्रेरित कर रहे है। जिसमें डेविड कुर्रे आई आई टी इंदौर, कुनाल देवहरे आई आई टी रायपुर, कमल बारले खेल के लिए जिन्हें सम्मानित कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया।





### गोढ़ी में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती



**आरंग।** यज्ञ ग्राम गोढ़ी में परम पूज्य गुरु घासीदास बाबाजी की जयंती समारोह का आयोजन बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। यह आयोजन हाई स्कूल प्रांगण गोढ़ी में सायं 4 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सतनामी समाज सहित ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल हुए। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व महामहिम राज्यपाल एवं पूर्व रायपुर लोकसभा सांसद रमेश बैस रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु खुशवंत साहेब ने की। मुख्य अतिथि रमेश बैस ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबाजी ने समाज को सत्य, अहिंसा और मानवता का मार्ग दिखाया। 'मनखे-मनखे एक समान' का उनका संदेश आज भी सामाजिक समरसता और समानता की मजबूत नींव है। उनके विचारों को अपनाकर ही हम एक सशक्त, समतामूलक और संस्कारित समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने गुरु घासीदास बाबाजी के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि गुरु घासीदास बाबाजी का जीवन समाज सुधार, नशामुक्ति, शिक्षा और नैतिक मूल्यों की स्थापना का प्रेरणास्रोत है।

# मप्र किसानों का दल मखाना की खेती देखने आरंग पहुंचा और ली जानकारी



**आरंग।** धान के कटोरे कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में अब एक नई फसल अपनी पहचान बना रही है - सुपर फूड मखाना, जिसे काला हीरा भी कहा जाता है। स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर मखाने की खेती अब राज्य में आधुनिक तकनीक और नवाचार के साथ हो रही है। छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम व्यवसायिक उत्पादन आरंग ब्लॉक के ग्राम लिंगाडीह के किसान स्व. कृष्ण कुमार चंद्राकर द्वारा प्रारंभ किया गया था। राज्य का प्रथम मखाना प्रसंस्करण केंद्र का उद्घाटन 5 दिसंबर 2021 को ग्राम लिंगाडीह में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। अब मखाना उत्पादन में प्रदेश में आरंग का नाम अपनी अलग पहचान बना चुका है। मध्य प्रदेश के सिवनी जिला से 30 किसानों का एक भ्रमण दल उद्यानिकी विभाग के द्वारा मखाना की खेती के भ्रमण हेतु रायपुर जिला के आरंग ब्लॉक स्थित ओजस फॉर्म का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों ने मखाना की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और अपने अनुभव साझा किए।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र चंद्राकर ने मखाना की खेती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रति एकड़ में 20 किलो बीज की आवश्यकता होती है और उत्पादन लगभग 10 क्विंटल के आसपास प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि 6 माह की अवधि वाले स्पेशल में किसी भी प्रकार का कीट व्याधि का प्रकोप नहीं होता है और न ही किसी प्रकार की चोरी की समस्या रहती है। रोहित साहनी फोड़ी दरभंगा, बिहार ने मखाना के प्रोसेसिंग की जानकारी देते हुए बताया कि 1 किलो मखाना के बीज से लगभग 200 से 250 ग्राम पॉप प्राप्त होता है, जिसकी बाजार में कीमत 700 से लेकर 1000 तक होती है। उन्होंने बताया कि यदि किसान मखाना का उत्पादन कर स्वयं प्रसंस्करण कर पैकेजिंग करके भेजते हैं तो प्रति एकड़ अधिकतम लाभ प्राप्त हो सकता है। ओजस फॉर्म के प्रबंधक संजय नामदेव ने किसानों को मखाना की खेती के लिए आवश्यक तकनीक और संसाधनों के बारे में जानकारी दी।

# सर्व समाज के आह्वान पर स्वस्फूर्त बंद रहा आरंग

**आरंग।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज पर किए गए हमले तथा इस मामले में स्थानीय प्रशासन के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये के विरोध में 24 दिसंबर को 'सर्व समाज छत्तीसगढ़' द्वारा आहूत आरंग बंद पूर्णतः सफल रहा। नगर की छोटी-बड़ी अधिकांश दुकानें बंद रहीं और आम जनजीवन पर बंद का व्यापक असर देखने को मिला। सुबह से ही सर्व समाज के लोग नगर में घूम-घूमकर बंद का समर्थन करते नजर आए। सभी वर्गों ने एकजुट होकर सर्व समाज के बंद के आह्वान का समर्थन किया। इधर बंद का असर लखौली क्षेत्र में भी व्यापक रूप से देखने को मिला। बंद के चलते सुबह से ही बाजार पूरी तरह ठप रहा और आम दिनों में चहल-पहल से गुलजार रहने वाला लखौली बाजार दिनभर सुनसान नजर आया। बंद के कारण किराना, कपड़ा, सब्जी, होटल-ढाबा सहित अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे वही व्यापारी संघ के अध्यक्ष धन्ना चन्द्राकर शराब भट्टी को बंद में समर्थन की अपील की जिस पर शराब भट्टी भी बंद रखी गई। बाजार व शराब भट्टी बन्द रहने से लखौली बस स्टैंड की दुकानों में सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर आवाजाही भी बेहद कम दिखाई दी। केवल कुछ आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठान ही सीमित रूप में खुले रहे।स्थानीय व्यापारियों ने आमाबेड़ा की घटना के विरोध में व्यापारी संघ के अध्यक्ष धन्ना चन्द्राकर की अपील पर दुकाने बन्द कर बंद का समर्थन किया। कुल मिलाकर, आमाबेड़ा घटना के विरोध में आहूत बंद का असर लखौली में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया और पूरे दिन बाजार की रौनक गायब रही, जिससे बंद की गंभीरता और जनसमर्थन का अंदाजा लगाया जा सकता है।



# बैहार धान चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बैहार में पिछले माह हुए धान चोरी के 02 आरोपियों को आरंग पुलिस ने गिरप्तार किया है। आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गांव के अम्हा खार में चंद्रहास साहू द्वारा सरना धान बोया था जिसे पकने के बाद धान को 15 नवंबर को हारर्वेस्टर से कटवा कर धान को अपने घर से लगे ब्यारा में 126 बोरा में भर कर रखा था। 20 नवंबर को रात्रि करीबन 01 बजे कुछ व्यक्ति आने की आहट सुनाई दिया तो धान की रखवाली कर रहे चंद्रहास साहू ने उठ कर देखा तो कुछ व्यक्ति धान कट्टा को लेकर जा रहे थे अंधेरा होने से नहीं देख पाया। परन्तु चिल्लाने पर धान कट्टा को छोड कर भाग गया साथ ही एक मो.सा. क्र सीजी 04 पीपी 3123 को भी वहीं छोडकर भाग गया। ब्यारा में रखे धान की कट्टा को गिनते करने पर 06 कट्टा नहीं था ब्यारा में रखे सरना धान 06 कट्टा कीमती 9000 रू. को उक्त मोटर सायकल से आए अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज कराया गया था जिस पर आरंग पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। आरंग पुलिस ने आज 02 आरोपी महर्षि उर्फ मानसिंह ध्रुव पिता अमर सिंह ध्रुव उम्र 19 वर्ष पता भाटापारा बैहार और मिथिलेश यादव पिता दौलाल यादव उम्र 23 वर्ष पता भाटापारा बैहार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।



# अभनपुर के सात गांव नई तहसील में शामिल, ली आपत्ति

अभनपुर। अटल नगर नवा रायपुर मे नवीन तहसील कार्यालय मे अभनपुर तहसील के सात गांव को शामिल किये जाने पर अभनपुर के स्थानीय वकीलो द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है। अभनपुर तहसील कार्यालय से ग्राम झांकी की दूरी 2 किलोमीटर,भेलवाडीह 3 किलोमीटर,पचेड़ा 5 किलोमीटर,केन्द्री 5 किलोमीटर ,परसट्ठी 6 किलोमीटर,निमोरा व तूता 7 से 10 किलोमीटर है आमजनता को तहसील कार्यालय आने मे सहुलियत रहेगी। इस संबंध मे राजस्व सचिव को इन ग्रामो को नवा रायपुर के नवीन तहसील मे शामिल नही किये जाने बाबत अधिवक्ता प्रहलाद साहू द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई है,स्थानीय वकीलो ने कहा कि नयापारा पूर्णतः तहसील बनने पर अभनपुर के कई गांव शामिल कर दिये गये थे वही खोरपा को उपतहसील का दर्जा देकर 19 ग्रामो को अलग कर दिया गया ऐसे मे अभनपुर तहसील का अस्तित्व केवल नाम का रह जायेगा,अभनपुर तहसील की परिसीमा अभनपुर से 2-3 किलोमीटर दूरी मे सिमट कर रह जायेगी।

## पेज 11 के शेष

### रास नहीं आई घरेलू उड़ान...

में इसका फेयर 999 रुपए था, बाद में उसे 1999 और अंतिम दिनों 5999 तक पहुंच गया। फ्लाइट कभी विजबिलिटी और कभी बारिश के कारण कैंसिल होती रही और बाद में इसका संचालन ही बंद कर दिया गया।

### शहर पूरी तरह बंद रहा, मॉल में...

घटना की थाना में अब तक किसी प्रकार से शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। **प्रदर्शनकारियों के डर से मॉल खाली कराया:** क्रिसमस को देखते हुए ज्यादातर होटल तथा मॉल को सजाया गया है। विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल में भी क्रिसमस को लेकर विशेष तैयारी की गई है। दोपहर बाद अंबुजा मॉल में प्रदर्शनकारियों के पहुंचने की जानकारी मॉल प्रबंधन को मिली। इसके बाद मॉल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने मॉल प्रबंधन ने मॉल में आए लोगों को लौटाया। इसके साथ ही सुरक्षाकर्मियों ने मॉल के बाहर बैरिकेड कर लगाकर लोगों को मॉल के अंदर आने से रोका।

### बंद, सरकार और संघ...

और समझ रहा है कि भाजपा सरकार प्रदेश में धर्मांतरण की घटनाओं और धर्मांतरण के नाम पर हो रहे टकराव को रोकना नहीं चाहती, बल्कि सरकार इस प्रकार की घटनाओं का राजनैतिक फायदा लेना चाहती है। **संसद के अगले सत्र में उठाएंगे मुद्दा- मनोज तिवारी :** धर्मांतरण को सांसद मनोज तिवारी ने चिंताजनक बताते हुए कहा कि वे संसद के अगले सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा, लोभ, लालच, खरीद-फरोख्त से धर्मांतरण हो रहा है। प्रदेश बंद का हवाला देते हुए कहा, आज जनता सड़कों पर आई है। अब संविधान को इसको लेकर सोचना पड़ेगा। **तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज :** बंद समर्थकों द्वारा मैग्नेटो माल में क्रिसमस की तैयारी में लगाए जा रहे मंच में तोड़फोड़ करने के आरोप में तेलीबांधा थाने की पुलिस ने अज्ञात 30 से 40 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 190, 191(2), 324(2), 331(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फूटेज तथा वायरल वीडियो की पड़ताल करने के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### वार्षिक परीक्षा से पहले बनानी है अपार...

अपार आईडी छात्र की डिजिटल पहचान है। इस आईडी में छात्र के सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड को अपलोड किया जाता है। अपार आईडी बन जाने के बाद छात्रों को किसी भी राज्य या देश में जाने पर मूल दस्तावेज साथ ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। छात्रों की अपार आईडी के माध्यम से ही उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड को खंगाला जा सकेगा। सत्यापन की जटिल प्रक्रिया से भी छात्र बच सकेंगे।

## शैलेश नितिन त्रिवेदी और पप्पू बंजारे के नेतृत्व में एसडीएम को दिया गया ज्ञापन

# जोता रेलवे फाटक पर ओवर एवं अंडर ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव औचित्यहीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा जोता मार्ग रेलवे फाटक पर प्रस्तावित ओवरब्रिज और अंडरब्रिज (RUB) के निर्माण को लेकर लगातार विरोध किया जा रहा है.दरअसल इसके निर्माण होने से कई लोग बेघर हो जाएगे. क्यों की प्रस्तावित ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के जद में आने वाले उनके घरो को हटा दिया जाएगा ,इस एवज में घर बनाकर रह रहे लोगो को मुवायजा भी नही दिया जाएगा .अब लोग व्यवस्थापन और मुआवजे की मांग कर प्रस्तावित ओवरब्रिज का विरोध कर रहे है,लोगो की मांग को जायज बताकर कांग्रेस भी विरोध का समर्थन कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे. वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर एसडीएम तिल्दा को एक ज्ञापन सौंपा . नेताओ ने एसडीएम से मांग करते कहा की लोगो के घरो को तोड़ने के पहले उनके व्यवस्थापन की व्यवस्था कर. और मुवायजा प्रदान करे .नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जबरदस्ती घर तोड़े गए तो कांग्रेस इसका खुलकर विरोध करेगी। कांग्रेस ने शहर में सरकारी जमीनों पर हो रहे कब्जे पर भी विरोध जताया। .



### बायपास बनाने की मांग

कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे और कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च कर ओवर ब्रिज बनाने का कोई औचित्य नहीं है। शासन को तत्काल बायपास रोड का निर्माण करना चाहिए। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि जिस ओवर ब्रिज को लेकर लोग विरोध कर रहे हैं शासन को उनके विरोध को देखते हुएपुनर विचार करना चाहिए। ज्ञापन देने के बाद पप्पू बंजारे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि एक तरफ तिल्दा शहर में दबंगों के द्वारा खुलेआम जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है. दूसरे तरफ लोगों को घर तोड़ने के लिए नोटिस दिया जा रहा है. यदि उनके व्यवस्थापन के लिए दबंगो के द्वारा कब्जा की गई सरकारी जमीनों पर प्रभावितो के लिए व्यवस्थापन की व्स्था की जाए तो समस्या का आसानी से हल किया जा सकता है. बाद में पप्पू बंजारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किसान राइस मिल कि उस जमीन को देखने गए जहां कुछ सत्ता से जुड़े कुछलोगो द्वारा करोड़ों की 5 एकड़ से भी अधिक जमीन पर कब्जा करने के लिए मुरूम डाला गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष के साथ कांग्रेस अध्यक्ष देवदास टंडन.विजय हरि रामानी. राहुल तेजवानी अजितेश शर्मा. कैलाश गांधी, लाल शर्मा, प्रशांत गुप्ता उपस्थित थे.. वहीं एसडीएम को दिए गए ज्ञापन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी जिला कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू बंजारे के साथ कांग्रेसी नेताबलदाऊ सुनील सोनी लक्ष्मी नारायण वर्मा. राम अवतार पांडे .गजानंद वर्माउपस्थित थे।

**प्रारूप-37**
**(नियम 61 ( 3 ) देखिए)**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 461
तारीख 22/12/2025

श्री/श्रीमती / कुमारी- YASHWANT KUMAR BANDE, S/O- GHANSHYAM PRASAD BANDE, KADRAHA BHATHA, SERIKHEDI, MANDIR HASOD, RAIPUR (CG)- 492001 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04PH2519 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
2. आप फरार हो गये हैं।

उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर**

न्यायालय अपर कलेक्टर (रा.) रायपुर (छ.ग.)
**-: ईश्तहार :-**

**रा.मा.क्रं. ब/121**
**वर्ष-2025-26**
**रायपुर दिनॉक 10/12/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुखम बाई पति स्व. राजाराम डहरिया, मनोहर, सोमन, गणेशिया उर्फ लक्ष्मी पिता स्व. राजाराम डहरिया निवासी ग्राम चीचा तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम चीचा प.ह.नं. 23 तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 619/1 रकबा 0.2600 हे. को विक्रय करना चाहता है उक्त भूमि नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में आने के कारण विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन के संबंध में नक्शा खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका की प्रति प्रस्तुत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / अभिभाषक या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 06/01/2026 तक न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष क्र. 12 में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **अपर कलेक्टर**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः-जिला- **रायपुर** तहसील- **रायपुर** प.ह.न.- **00081** **बोरियाकला** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण **क्रमांक- RD202526440726400061**

**// ईश्तहार //**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. **00081** के अंतर्गत ग्राम **बोरियाकला** के वर्तमान भूमिस्वामी **प्रिया चावला पिता/पति-बलदेव चावला पता-संत शदाणी नगर धमतरी रोड बोरियाकला रायपुर छ.ग.** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **1407/21(0.0041)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **बलदेव कुमार चावला पिता/पति-कक्कु मल चावला पता-423/1, संत शदाणी नगर बोरियाकला रायपुर, पार्वती चावला पिता/पति-बलदेव कुमार चावला पता-423/1, संत शदाणी नगर बोरियाकला रायपुर, मांडवी चावला पिता/पति-बलदेव कुमार चावला पता-423/1, संत शदाणी नगर बोरियाकला रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **29/12/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **22/12/2025** को जारी किया जाता है।

(मुहर) **तहसीलदारः राममूर्ति दीवान**
**तहसील-रायपुर**

## खबर संक्षेप



### कठिया और कुम्हारी में मनाया किसान दिवस किसानों का किया सम्मान

**रायपुर।** विश्व किसान दिवस भारत में हर साल 23 दिसंबर को मनाया जाता है, जो भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती का प्रतीक है। इस दिन देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा में किसानों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसी कड़ी में बुधवार को पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने किसान दिवस पर विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में किसानों मिलकर समस्याओं से अवगत हुआ। साथ इस अवसर पर किसान भाइयों को एकता के साथ किसान एकता कर सभी समस्याओं के लिए आंदोलन का आह्वान किया। बुधवार को कठिया एवं कुम्हारी धान खरीदी केंद्र खरोरा में पहुंच कर किसानों का किसान गमछा एवं श्रीफल भेंटकर गुलाल लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा,धनेश वर्मा,शशांक चंद्राकर, शिव वर्मा, श्याम श्यामरतन टंडन, अमित उईके, दीपक ठिकरिया आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### ठाकुर प्रेम सिंह बघेल



**रायपुर।** मुंगेली के ग्राम बांकी निवासी मालगुजार ठाकुर प्रेम सिंह बघेल (90) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके गृह ग्राम में किया जाएगा। वे वरिष्ठ पत्रकार मनोज सिंह बघेल के पिता थे।

### मीरा बाई सिन्हा



**रायपुर।** आरडीए कालोनी टिकरापारा निवासी मीरा बाई सिन्हा (65) का 24 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 दिसंबर को मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा। वे झुमुकराम सिन्हा की पत्नी और उमेश, किशोर सिन्हा की माता थीं।

### मोहनलाल खत्री



**रायपुर।** समता कॉलोनी निवासी मोहनलाल खत्री (93) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 दिसंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे कमल, नरेश, विजय खत्री के पिता थे।

# गाइड की कमी, इसलिए पात्रता नियमों में बदलाव की तैयारी, पुराने शोधपत्र भी होंगे मान्य

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

पं. रविशंकर शुक्ल विवि गाइड बनने के लिए अनिवार्य शर्तों में बदलाव की तैयारी कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि रविवि के पास पीएचडी करने के इच्छुक छात्रों के आवेदन थोक में आ रहे हैं, लेकिन इतनी संख्या में विवि प्रबंधन गाइड उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। गाइड बनने के लिए प्राध्यापक के रूप में कार्यानुभव व पीएचडी के साथ शोधपत्र का प्रकाशन भी अनिवार्य होता है।कम से कम 2 शोधपत्र प्राध्यापक के रूप में सेवा प्रदान के दौरान प्रकाशित होने चाहिए,

- ■ गाइड बनने अनिवार्य है प्राध्यापक रहते शोधपत्र प्रकाशन

लेकिन अब इसमें थोड़ी राहत देने की योजना बनाई जा रही है। पुराने शोधपत्र अर्थात प्राध्यापक द्वारा उनके पीएचडी कार्य के दौरान प्रकाशित होने वाले शोधपत्रों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इससे वे प्राध्यापक गाइड बनने के लिए पात्र हो जाएंगे, जिन्होंने पीएचडी करने के दौरान तो अपने शोधपत्र रिसर्च जर्नल में प्रकाशित करवाए, लेकिन प्राध्यापक बनने के बाद शोधपत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। हालांकि इन नियमों पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है, केवल ड्राफ्ट ही तैयार किया जा सका है। यूजीसी द्वारा इन नियमों के लिए पहले ही गाइडलाइन जारी है। रविवि द्वारा जनवरी में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू किए जाएंगे। उन विषयों को प्रवेश परीक्षा से बाहर रखा जाएगा, जिनमें सीट रिक्त नहीं है।

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए जनवरी में आवेदन प्रारंभ करेगा रविवि

### साक्षात्कार होगा अनिवार्य

जनवरी माह में आवेदन के बाद रविवि प्रवेश परीक्षाओं को लेकर विस्तृत शेड्यूल जारी करेगा। पीएचडी प्रवेश परीक्षा के बाद चयन प्रक्रिया में रविवि द्वारा पिछले वर्ष बदलाव किए गए थे। ये बदलाव इस वर्ष भी लागू रहेंगे। पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार भी दिलाना होगा। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद दोनों अंकों के आधार पर अंतिम परिणाम तैयार होंगे। ये अंक ही छात्रों के पीएचडी सीट के आधार बनेंगे।



### 4 वर्षीय ग्रेज्यूएशन के बाद पीएचडी पात्रता

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रम अब 4 वर्षीय कर दिया गया है। हालांकि छात्र यदि चाहें तो एक, दो अथवा तीन वर्ष के बाद भी अपनी पढ़ाई छोड़ सकते हैं। पढ़ाई की अवधि के आधार पर उन्हें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा अथवा डिग्री दिए जाने का प्रावधान है। एनईपी के अनुसार, 4 वर्ष तक स्नातक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी भी पीएचडी के लिए पात्र होंगे। एनईपी का यह दूसरा सत्र है। ऐसे में वर्तमान में अध्ययनरत छात्र दो वर्ष पश्चात पीएचडी के लिए पात्र हो जाएंगे। इनके लिए भी विशेष नियम भविष्य में बनाए जाएंगे।

# फाइनल सूची जारी होने से पहले लीक, सदस्य ने कहा- नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ लाख तक वसूली की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

रायपुर जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत आवेदनों के आने के बाद रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए कार्यकर्ता और सहायिकाओं का चयन भी किया गया है, जिसकी एक सूची भी तैयार की गई है, जो जारी होने से पहले लीक हो गई है। इस सूची में जिन चयनित महिलाओं के नाम शामिल हैं, उनसे अब नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक वसूली की जा रही है। तिल्दा जनपद क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा ने इस मामले को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी उठाया है, जिस पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभागीय जांच कराने की बात कही है। इधर इस मामले में जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिश्वास ने कहा कि विभागीय जांच में अगर कोई कमी या दिक्कत आएगी, तो इस मामले की जांच एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट से कराई जाएगी।

- ■ महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती की प्रक्रिया जारी

### 12 कार्यकर्ता एवं 48 सहायिका के रिक्त पदों पर होनी है भर्ती

रायपुर जिले में कुल 1941 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों में कार्यकर्ता के 1929 और सहायिकाओं के 1893 पद भरे हुए हैं, वहीं रिक्त पदों में कार्यकर्ता के 12 एवं सहायिका के 48 हैं। इन रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जिले में जारी है। इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदनों के आधार पर कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का चयन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इनमें से कई पदों पर नियुक्ति के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का चयन भी कर दिया गया है, जिसकी सूची भी तैयार की गई है। यह सूची अभी जारी नहीं की गई है, लेकिन इससे पहले ही यह सूची लीक हो गई है। इस सूची के आधार पर ही कुछ लोग अब सूची में शामिल महिलाओं से संपर्क कर रहे हैं और उनकी नौकरी लगाने की गारंटी देते हुए उनसे एक लाख से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक वसूली कर रहे हैं।




### यहां इतने पदों पर होनी है भर्ती

| | कार्यकर्ता | सहायिका |
|---|---|---|
| तिल्दा | 2 | 9 |
| मंदिर हसौद | 1 | 1 |
| आरंग | 2 | 5 |
| अभनपुर | 3 | 17 |
| धरसींवा-एक | 1 | 3 |
| धरसींवा-दो | 1 | 7 |
| रायपुर शहर-एक | 1 | 2 |
| रायपुर शहर-दो | 1 | 4 |

### तिल्दा ब्लॉक में कई शिकायतें मिलने पर सदस्य ने सामान्य सभा में उठाया मामला

तिल्दा क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा ने हालही में कलेक्टोरेट के रेडक्रास सभाकक्ष में हुई सामान्य सभा की बैठक में इस मामले को जोरशोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के नाम सूची में शामिल हैं, ऐसी कई महिलाओं से कुछ लोग इस पद पर नियुक्ति की गारंटी लेकर उनसे एक से डेढ़ लाख रुपए की मांग की है। कुछ महिलाएं तो फाइनल सूची में नाम आने के लालच में पैसे भी उन लोगों को दे चुकी हैं, लेकिन लिस्ट से नाम कहीं कट नहीं जाए, इस भय से इसकी लिखित में शिकायत कर नहीं पा रही हैं।

### लिस्ट लेकर घर-घर जाकर महिलाओं से संपर्क किया जा रहा

स्वाति वर्मा ने बैठक में यह भी जानकारी दी है कि वसूली करने वाले लोग लिस्ट लेकर चयनित महिलाओं के घर-घर जाकर उनसे संपर्क कर रहे हैं। इस लिस्ट में शामिल नामों में से उसका नाम फाइनल करने के एवज में उनसे यह वसूली की जा रही है। उन्होंने आशंका जताई है कि लिस्ट लेकर वसूली करने वाले लोग विभाग या जनपद पंचायत से जुड़े हैं, क्योंकि यह लिस्ट और किसी को मिल नहीं सकती है।

### तिल्दा के अलावा दूसरे ब्लॉक क्षेत्रों में भी इस तरह की वसूली की आशंका

स्वाति वर्मा ने कहा कि यह लिस्ट अगर लीक हुई है, तो तिल्दा के अलावा अन्य ब्लॉक क्षेत्रों में भी इस तरह महिलाओं से नियुक्ति कराने के नाम पर वसूली की जा रही होगी। उन्होंने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने कहा कि लिस्ट लीक हुई या की गई है। जांच में इसका खुलासा होगा, इसलिए इसकी जांच होना बहुत जरूरी है।

### विभागीय जांच होगी

इस मामले की पहले विभागीय जांच होगी। सामान्य सभा की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं।इस जांच में अगर कोई दिक्कत या कमी होगी तो एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट से इसकी जांच कराएंगे।

*- कुमार बिश्वास, सीईओ जिला पंचायत रायपुर*

# कौशल्या माता विहार अंतर्गत उद्यानों के संचालन-संधारण के लिए प्रायोजन आधारित व्यवस्था होगी लागू



**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

रायपुर विकास प्राधिकरण के संचालक मंडल की बुधवार को बैठक हुई। प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में शहर के सुव्यवस्थित एवं दीर्घकालीन विकास से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में ग्राम कचना, लाभांडी एवं सड्डू क्षेत्र में लगभग 232 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित नगर विकास योजना को लेकर चर्चा की गई, वहीं कौशल्या माता विहार अंतर्गत स्थित उद्यानों के संचालन व संधारण के लिए प्रायोजित आधारित व्यवस्था लागू करने पर भी विचार विमर्श कर प्रस्ताव बनाया गया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।

बैठक में नगर पालिक निगम में प्रचलित नियमों के अनुरूप स्पॉन्सरशिप आमंत्रण का प्रारूप तैयार करने, कौशल्या माता विहार योजना के संशोधित अभिन्यास (आर-9) संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को अब शासन को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा बैठक में प्राधिकरण के न्यायालयीन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए परामर्शदाता नियुक्ति, हितग्राहियों के नामांतरण प्रकरणों के सरलीकरण तथा कर्मचारियों के लिए अंशदायी भविष्य निधि नियम-1955 के स्थान पर नवीन अंशदायी पेंशन योजना-2004 लागू करने संबंधी प्रस्ताव को बैठक में स्वीकृति दी गई है। इन सभी प्रस्तावों को भी मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा। बैठक में प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पदेन सचिव आकाश छिकारा, शासन के विभिन्न विभागों से बोर्ड के सदस्य तथा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

- ■ आरडीए की बैठक में प्रस्ताव का अनुमोदन, स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा

रेलवे ने बदली समय-सारिणी, जोन से गुजरने वाली 55 एक्सप्रेस और 8 पैसेंजर पर असर

# नए साल से बदलेगी ट्रेनों की चाल, रायपुर आने वाली 11 ट्रेनें पांच से पच्चीस मिनट प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

भारतीय रेलवे द्वारा संचालित होने वाली ट्रेनों का टाइम-टेबल एक जनवरी से बदल जाएगा। इसमें रायपुर से गुजरने वाली 11 समेत रेलवे जोन बिलासपुर से आवाजाही करने वाली 55 एक्सप्रेस और 8 पैसेंजर ट्रेन शामिल है। ट्रेनों की आवाजाही में 5 से 25 मिनट का बदलाव किया गया है। रेलवे द्वारा इस बदलाव से परिचालन के समय में बचत होने का दावा किया गया है।



अफसर के अनुसार रेलवे द्वारा हर साल किए जाने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की वजह से जनवरी के महीने में ट्रेनों के संचालन के लिए नया टाइम टेबल जारी किया जाता है।

इस बार जारी की गई नई समय सारिणी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र से आवाजाही करने वाली 63 ट्रेनों के समय पर असर हुआ है। जारी किया गया टाइम-टेबल एक जनवरी से प्रभावशील होगा। इस बदलाव की वजह से ट्रेनों की गति में भी बदलाव होगा और यात्रियों के समय की बचत होगी। नए टाइम-टेबल में किसी भी ट्रेन के समय में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। रायपुर से गुजरने वाली एक ट्रेन 25, एक 20 और पांच ट्रेनें 10-10 मिनट तथा चार ट्रेनों के आगमन समय में पांच मिनट का बदलाव किया गया है। इसी तरह जोन के विभिन्न स्टेशनों से संचालित होने वाली पैसेंजर गाड़ियों में संचालन समय भी बदला गया है।

### रायपुर आने वाले इन ट्रेनों का समय बदला

| ट्रेन | वर्तमान टाइमिंग | 1 जनवरी से |
|---|---|---|
| एलटीटी-पुरी | 3.00 | 2.20 |
| सिंकदराबाद-रायपुर | 1.45 | 1.20 |
| दुर्ग-छपरा | 9.05 | 9.10 |
| दुर्ग-नवतनवा | 8.35 | 20.45 |
| दुर्ग-कानपुर | 8.35 | 8.45 |
| दुर्ग-नवतना (व्हा.) | 8.35 | 8.45 |
| दुर्ग- अंबिकापुर | 9.25 | 9.45 |
| ब्रम्हपुर-उधना | 2.55 | 2.45 |
| कामाख्या-एलटीटी | 3.00 | 2.55 |
| त्रिवेन्द्रम-कोरबा | 9.55 | 10.00 |
| विशाखा.-दुर्ग | 10.05 | 10.00 |

# अवैध प्लाटिंग के मामले थम नहीं रहे, कहीं पौने दो एकड़ में-कहीं एक एकड़ में बन गई थी रोड-बाउंड्रीवॉल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के मामले थम नहीं रहे हैं। जमीन के कारोबारी नगर निगम अफसरों की नाक के नीचे न केवल अवैध प्लाटिंग कर एक खसरा नंबर की जमीन को कई टुकड़ों में बांटकर न केवल उसका सौदा कर रहे हैं, बल्कि वहां मकान बनाकर बेच भी रहे हैं।

नगर निगम के अफसरों को इसकी जानकारी तब होती है, जब वहां अवैध प्लाटिंग के दौरान सीसी या मुरुम रोड तथा बाउंड्रीवॉल का निर्माण हो जाता है। ऐसे ही मामलों में शहर के अलग-अलग दो जोन क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की है। इनमें एक जगह पर पौने दो एकड़ भूमि पर तो दूसरी जगह एक एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।



### देवपुरी में एकड़ भूमि को टुकड़ों में बांटकर सौंदा किया जा रहा था

जोन-10 अंतर्गत देवपुरी में लगभग एक एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग की गई थी। इस भूमि पर जमीन कारोबारी ने सीसी रोड का निर्माण से लेकर बाउंड्रीवाल तक तान दी थी। इस भूमि को टुकड़ों में बांटकर यहां मकान बनाने का सौंदा किया जा रहा था। इसकी जानकारी होने पर जोन आयुक्त के निर्देश पर राजस्व अमला की टीम यहां पहुंचकर अवैध निर्माण को तोड़ते हुए रोड को काटकर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई है।

### फॉर्चून रेसीडेंसी के पास पौने दो एकड़ में बन चुकी थी मुरुम रोड

शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 21 अंतर्गत फॉर्चून रेसीडेंसी के पास लगभग 1.75 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। जमीन कारोबारी यहां मुरुम की रोड बनाते हुए जमीन को टुकड़ों में बांटकर उसका सौंदा करने के प्रयास में था। जोन-8 की टीम ने इसकी जानकारी मिलने के बाद मुरुम रोड को जेसीबी मशीन से खोदकर आवागमन बाधित करते हुए अवैध प्लाटिंग के कार्य पर रोक लगाई।

## बिजनेस साइट

### श्री रावतपुरा सरकार विवि में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य समापन


**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में "Indian Knowledge Systems in a Plural World: Dialogues Between Tradition, Science, and Society" विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय समापन हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद को सशक्त बनाना था। इस अंतर्राष्ट्रीय मंच पर विश्व के पाँच देशों तथा भारत के बारह राज्यों से 200 से अधिक प्रतिष्ठित विद्वानों, विषय विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की।



सम्मेलन में जापान से प्रो. हिरोयुकी सतो, ब्रूनेई से प्रो. नेहालुद्दीन अहमद, अमेरिका से प्रो. ग्रासिएक्स म्बुजुन्कोंगिरा तथा ऑस्ट्रेलिया से प्रो. गैरी लिलियन थल सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय विद्वानों ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की वैश्विक प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने भारतीय परंपरागत ज्ञान को विज्ञान, संस्कृति और समकालीन समाज से जोड़ने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यकारी निदेशक प्रो. सुभाशीष भट्टाचार्य ने सफल आयोजन हेतु आयोजकों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा आज भी वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है और वैश्विक विमर्श में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री रावतपुरा सरकार लोककल्याण ट्रस्ट के कार्यकारी अधिकारी विशाल गर्ग ने सम्मेलन के सफल आयोजन पर आयोजन समिति को बधाई दी।

### विवेकानन्द विद्यापीठ आदर्श आवासी विद्यालय कोटा में वार्षिकोत्सव संपन्न

**रायपुर।** विवेकानन्द विद्यापीठ आदर्श आवासी उ.मा. विद्यालय कोटा के वार्षिकोत्सव-2025 के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय एवं विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण मिशन, विवेकानन्द आश्रम, रायपुर से प्रकाशित होने वाली पत्रिका के संपादक स्वामी प्रपत्यानंद जी तथा सहायक सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेकानन्द विद्यापीठ के सचिव डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने अपने आशीर्वचन में कहा कि बच्चों आप सभी कल के भविष्य है छात्र जीवन में आये हुए अवसर को जाने न दे सदैव अनुशासन में रहे तथा शिष्टाचार को न भूले। संस्था के सचिव डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने कहा मनुष्य के अन्दर अनन्य दिव्यशक्ति विद्यमान है जरुरत है उसे पहचानने की, स्वामी विवेकानन्द के बताये हुए आदर्शो को चारित्रार्थ करना ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, जिससे आज के बच्चें अच्छे नागरिक बनकर अपने जीवन को उत्कृष्ट बना सके।



## पेज 11 के शेष ...

### रास नहीं आई घरेलू ...

में इसका फेयर 999 रुपए था, बाद में उसे 1999 और अंतिम दिनों 5999 तक पहुंच गया। फ्लाइट कभी विजिबिलिटी और कभी बारिश के कारण कैंसिल होती रही और बाद में इसका संचालन ही बंद कर दिया गया।

### शहर पूरी तरह बंद ...

घटना की थाना में अब तक किसी प्रकार से शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

*प्रदर्शनकारियों के डर से मॉल खाली कराया :* क्रिसमस को देखते हुए ज्यादातर होटल तथा मॉल को सजाया गया है। विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल में भी क्रिसमस को लेकर विशेष तैयारी की गई है। दोपहर बाद अंबुजा मॉल में प्रदर्शनकारियों के पहुंचने की जानकारी मॉल प्रबंधन को मिली। इसके बाद मॉल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने मॉल प्रबंधन ने मॉल में आए लोगों को लौटाया। इसके साथ ही सुरक्षाकर्मियों ने मॉल के बाहर बैरिकेड कर लगाकर लोगों को मॉल के अंदर आने से रोका।

### बंद, सरकार और ...

और समझ रहा है कि भाजपा सरकार प्रदेश में धर्मांतरण की घटनाओं और धर्मांतरण के नाम पर हो रहे टकराव को रोकना नहीं चाहती, बल्कि सरकार इस प्रकार की घटनाओं का राजनैतिक फायदा लेना चाहती है।

*संसद के अगले सत्र में उठाएंगे मुद्दा- मनोज तिवारी :* धर्मांतरण को सांसद मनोज तिवारी ने चिंताजनक बताते हुए कहा कि वे संसद के अगले सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा, लोभ, लालच, खरीद-फरोख्त से धर्मांतरण हो रहा है। प्रदेश बंद का हवाला देते हुए कहा, आज जनता सड़कों पर आई है। अब संविधान को इसको लेकर सोचना पड़ेगा।

*तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज :* बंद समर्थकों द्वारा मैग्नेटो माल में क्रिसमस की तैयारी में लगाए जा रहे मंच में तोड़फोड़ करने के आरोप में तेलीबांधा थाने की पुलिस ने अज्ञात 30 से 40 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 190, 191(2), 324(2), 331(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फूटेज तथा वायरल वीडियो की पड़ताल करने के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### वार्षिक परीक्षा से ...

अपार आईडी छात्र की डिजिटल पहचान है। इस आईडी में छात्र के सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड को अपलोड किया जाता है। अपार आईडी बन जाने के बाद छात्रों को किसी भी राज्य या देश में जाने पर मूल दस्तावेज साथ ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। छात्रों की अपार आईडी के माध्यम से ही उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड को खंगाला जा सकेगा। सत्यापन की जटिल प्रक्रिया से भी छात्र बच सकेंगे।

**प्रारूप-37**
**(नियम 61 ( 3 ) देखिए)**

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 461
तारीख 22/12/2025

श्री/श्रीमती / कुमारी- YASHWANT KUMAR BANDE, S/O- GHANSHYAM PRASAD BANDE, KADRAHA BHATHA, SERIKHEDI, MANDIR HASOD, RAIPUR (CG)- 492001 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04PH2519 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।
2. आप फरार हो गये हैं।

उसने/उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51 (5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

**रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी**
**रायपुर**

न्यायालय अपर कलेक्टर (रा.) रायपुर (छ.ग.)

**-: ईश्तहार :-**

**रा.मा.क्रं. ब/121**
**वर्ष-2025-26**
**रायपुर दिनॉक 10/12/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुखम बाई पति स्व. राजाराम डहरिया, मनोहर, सोमन, गणेशिया उर्फ लक्ष्मी पिता स्व. राजाराम डहरिया निवासी ग्राम चीचा तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम चीचा प.ह.नं. 23 तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 619/1 रकबा 0.2600 हे. को विक्रय करना चाहता है उक्त भूमि नया रायपुर डेव्हलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में आने के कारण विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन के संबंध में नक्शा खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका की प्रति प्रस्तुत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / अभिभाषक या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 06/01/2026 तक न्यायालय अपर कलेक्टर कक्ष क्र. 12 में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **अपर कलेक्टर**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः-जिला- **रायपुर** तहसील- **रायपुर** प.ह.न.- **00081**
**बोरियाकला** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण
**क्रमांक- RD202526440726400061**

**// ईश्तहार //**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. **00081** के अंतर्गत ग्राम **बोरियाकला** के वर्तमान भूमिस्वामी **प्रिया चावला पिता/पति-बलदेव चावला पता-संत शदाणी नगर धमतरी रोड बोरियाकला रायपुर छ.ग.** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **1407/21(0.0041)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **बलदेव कुमार चावला पिता/पति-कक्कु मल चावला पता-423/1, संत शदाणी नगर बोरियाकला रायपुर, पार्वती चावला पिता/पति-बलदेव कुमार चावला पता-423/1, संत शदाणी नगर बोरियाकला रायपुर, मांडवी चावला पिता/पति-बलदेव कुमार चावला पता-423/1, संत शदाणी नगर बोरियाकला रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **29/12/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **22/12/2025** को जारी किया जाता है।

(मुहर) **तहसीलदारः राममूर्ति दीवान**
**तहसील-रायपुर**

# युवाओं के बीच नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने किए जा रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

तकनीकी शिक्षा एवं रोज़गार तथा कौशल विकास मंत्री गुरू ख़ुशवंत साहेब ने कहा, प्रदेश में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के समुचित विकास और समन्वय स्थापित करने के लिए विभाग सदैव प्रयासरत है।

सत्र 2025-26 से आईआईटी की तर्ज पर शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थाओ एवं शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय को उन्नयन करते हुए इंमर्जिंग ब्रांच (रोबोटिक्स, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स इत्यादि) के साथ 4 छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना की गई है एवं जल्द ही रायपुर बिलासपुर तथा दुर्ग में छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना की जावेगी। मंत्री ने युवाओं के बीच वाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिए जाने के प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के युवाओं के बीच नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य में आई-हब बनाने हेतु तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं आई-हब गुजरात के साथ एमओयू किया गया एवं शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर में आई-हब की स्थापना की गई। जिसमें प्रदेश के छात्र/छात्राओं को स्टार्टअप एवं इनोवेशन संबंधी मार्गदर्शन प्रदाय किया जा रहा है।

तकनीकी शिक्षा संस्थाओं के छात्र/छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु अपनाटेक प्राईवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया गया है तथा छात्र/छात्राओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने हेतु सीएसआरबाक्स प्राईवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया गया है। तथा छात्र/छात्राओं को आत्मनिर्भर किये जाने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले स्टार्टअप एवं इनोवेशन के प्रोजेक्ट को उद्योग में उपयोग किये जाने हेतु सीआईआई एवं यंग इंडियन समूह से विभाग द्वारा एमओयू किया गया है।

खास खबर

### बस्तर संभाग में युवाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए विशेष प्रयास

बस्तर संभाग के प्रत्येक विकासखंड में स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने के लिए वित्तीय वर्ष 20:25-26 में 4 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। एलडब्ल्यूई क्षेत्र के लाइवलीहुड कॉलेज में आवासीय प्रशिक्षण की सुविधा हेतु 10 करोड़ रुपए का प्रावधान कियाग या है। आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड बनाये जाने प्रक्रिया में विलंब को दृष्टिगत रखते हुए, कौशल प्रशिक्षण पूर्व पंजीयन में आधार अनिवार्यता को शिथिल करते हुए मूल्यांकन के पूर्व होना आवश्यक किया गया, जिससे प्रशिक्षण प्रारंभ करने में व्यवधान ना हो एवं आधार बनाये जाने के लिए सस्य उपलब्ध हो सके।

### तकनीकी एवं कौशल विकास मंत्री खुशवंत साहेब ने बताई विभाग की उपलब्धि



*कौशल प्रशिक्षण के लिए इन संस्थाओं के साथ अनुबंध*

*3 जिलों (बलरामपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा में ट्रैक्टर मैकेनिक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण हेतु माहा एक मडिया से अनुबंध किया गया है। रायपुर में इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण के लिए सारो टेक्नोलॉजी से अनुबंध किया गया है। युवाओं में 'रोजगार स्किल' बढ़ाये जाने नांदी फाउंडेशन से अनुबंध किया गया है।*

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ बंद का शिवसेना ने किया समर्थन

**रायपुर।** कांकेर में धर्मांतरण को लेकर हुए बवाल का असर प्रदेशभर में देखा जा रहा है। इसी कड़ी में शिवसेना के पदाधिकारियों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ बंद का समर्थन किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव संजय नाग ने बताया कि स्टेशन से सुबह चार बजे से सभी शिवसैनिक बंद कराते हुए शहर के सभी मार्गों पर दुकानों को हाथ जोड़कर बंद करने की अपील की, शास्त्री मार्किट, पुरानी बस्ती बाजार लाखेनगर रोड होते जस्तंभ चौक, फूल चौक, गाड़ी चौक, शंकर नगर, सरोना, टाटीबंध चौक, मोहबाजार, राजकुमार कॉलेज होते शिवसेना कार्यालय में समापन हुआ। बंद कराने के दौरान संतोष शुक्ला, रेशम जांगड़े, संजय नाग, कृष्णा यादव, सूरज साहु, विजय नाग, नरेंद प्रजापति, राज महानंद, दीपक स्वामी आदि शामिल थे।

### पुरी शंकराचार्य महाराज का दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**रायपुर।** सुदर्शन संस्थान रावांभाटा रायपुर में गुरुदेव जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी पुरी पीठाधीश्वर निश्चलानंद सरस्वती के दर्शन करने के लिए बुधवार को संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा अपने परिवार और शिष्यों के साथ शंकराचार्य महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### हाईकोर्ट अधिवक्ता अंजिनेश फिर से बने प्रदेश पदाधिकारी

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा पर की गई है। जिसमें उच्च न्यायालय अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला को पुनः प्रदेश पदाधिकारी बनाया गया है। उन्हे प्रदेश सह प्रमुख विधि एवं तकनीक नियुक्त किया गया है। पार्टी के विधिक मामलों में लगातार सक्रिय रहे अंजिनेश ने पार्टी संगठन के सभी नेताओं के प्रति आभार जताते हुए पार्टी हित में और ज्यादा सक्रियता से काम करने का विश्वास दिलाया है। ज्ञात हो कि रायपुर निवासी श्री शुक्ला इससे पहले भाजयुमो टीम में प्रदेश सहप्रभारी-शासकीय योजना स्वाध्याय मण्डल और उससे पूर्व आरएसएस एवं संघ के विभिन्न अनुसांगिक संगठन के विधि प्रमुख रहे हैं।

### अर्चना कमल पत्र सम्मान से हुईं सम्मानित



**रायपुर।** जेसीआई रायपुर वामंजलि द्वारा शांति नगर स्थित विमतारा ऑडिटोरियम में बुधवार को अवार्ड नाइट समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि जेएसआर राजेश अग्रवाल ने जेसी अर्चना द्विवेदी को प्रतिष्ठित कमल पत्र सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही जेसीआई सीनेटर अमिताभ दुबे का भी कमल पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेसीआई के पदाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




केरल और बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों की हत्या को लेकर जयस्तंभ चौक पर प्रदर्शन

# केरल व बांग्लादेश हत्याकांड को लेकर आरएसएस-भाजपा पर बरसे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केरल और बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों की निर्मम हत्याओं के विरोध में आज रायपुर नगर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत केरल में पहचान के नाम पर भीड़ हिंसा का शिकार हुए छत्तीसगढ़ के दलित प्रवासी मजदूर रामनारायण बघेल तथा बांग्लादेश में जिंदा जलाकर मारे गए हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कांग्रेस ने केंद्र सरकार, भाजपा और आरएसएस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। केरल और बांग्लादेश की घटनाएं कोई अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं, बल्कि आरएसएस और भाजपा द्वारा वर्षों से फैलाए जा रहे नफरत, उन्माद और पहचान आधारित राजनीति का सीधा परिणाम हैं। उन्होंने कहा, केरल में एक गरीब दलित मजदूर को बांग्लादेशी होने के झूठे शक में पीट-पीटकर मार दिया गया और बांग्लादेश में एक हिंदू युवक को जिंदा जला दिया गया, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार की तरफ से कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं दिखती। जो सरकार खुद को विश्वगुरु बताती है, वह न देश के भीतर अपने नागरिकों की रक्षा कर पा रही है और न ही विदेशों में रहने वाले भारतीयों की। यह तथाकथित मजबूत विदेश नीति की पोल खोलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस देश के भीतर सांप्रदायिक जहर फैलाकर समाज को बांटते हैं और उसी नफरत की आग की लपटें अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाई देने लगी हैं।

### ये थे मौजूद

पदर्शन में डॉ अन्नू राम साहू,सत्यनारायण नायक, अशोक ठाकुर, सुनील बाजारी, जी श्रीनिवास, कशिश चंद्राकर, संदीप तिवारी, नरेश गढ़पाल , दिलीप चौहान, शांतनु झा, राहुल तिवारी, कुणाल दुबे, योगेश तिवारी, राजू नायक, सितेंद्र ठाकुर, दिनेश तिवारी, महाधव छुरा, किशन बाजारी , सुनील साहू, योगेश दीक्षित, अमित शर्मा लल्लू, दिनेश फूटान, उमेश सावरकर, हंशु सावरकर, सुशील कटियार, विजय कुमार टंडन, संजू नायडू , नवीन केशरवानी, सुनील भुवाल, कामरान अंसारी, विनोद ठाकुर, विजय ठाकुर, अपरिजित तिवारी, कुलदीप ध्रुव, हेमलाल नायक, वीरू साहू, राजू डोडानी, कृष्णा नायक, आमीन खान, मंगल सिंह, विजय डीडवानी, कुलदीप दुप्पड, सूर्यप्रकाश उपाध्याय, ईश्वर चक्रधारी सहित सैकड़ो कांग्रेसी उपस्तिथ थे।



### एक करोड़ मुआवजे की मांग

*केंद्र सरकार से मांग की कि केरल और बांग्लादेश दोनों मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बांग्लादेश सरकार पर प्रभावी कूटनीतिक दबाव बनाया जाए और विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति घोषित की जाए। साथ ही उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और नफरत नहीं, बल्कि इंसाफ और संविधान की राजनीति के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा देने और उन्होंने दीपू चंद्र दास एवं रामनारायण बघेल के हत्यारे को फांसी देने की मांग सरकार से की है। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसजनों ने स्पष्ट किया कि जब तक आरएसएस-भाजपा की विभाजनकारी और हिंसक राजनीति के खिलाफ आवाज उठती रहेगी, तब तक ऐसे विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे।*

प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# खुला दूध बेचने वालों ने डेयरी कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खुला दुध का व्यवसाय करने वाले लोगों ने बुधवार को डेयरी कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टोरेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराया है कि डेयरी कंपनी अपने दूध पैकेट की बिक्री बढ़ाने के लिए खुला दूध बिक्री के खिलाफ दुष्पप्रचार कर रही है। इसके लिए घर-घर पम्पलेट भी बंटवाए जा रहे हैं।

खुला दूध का व्यवसाय करने वाले यादव (ठेठवार) समाज के लोगों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु के नेतृत्व में कलेक्टोरेट परिसर में डेयरी कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। समाज संगठन के अध्यक्ष संतोष कुमार यदु ने बताया कि कंपनी अपने ब्रांड के दूध की बिक्री बढ़ाने के लिए खुला दूध व्यवसाय के खिलाफ दुष्प्रचार में उतर आई है। कंपनी ने इसके लिए पम्पलेट भी छपवाए हैं, जिसमें लिखा गया है कि खुला दूध बेचने वाले लोग मवेशियों को गंदे और दूषित वातावरण वाली जगह पर रखते हैं। इससे बीमारी उत्पन्न हो जाएगी, इसलिए दूध ही खरीदें। इस तरह के पम्पलेट छपवाकर कंपनी घर-घर बंटवाकर लोगों को भ्रमित कर रही है, ताकि वे खुला दूध की खरीदी नहीं करें।

### कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

*यादव समाज के लोगों ने ज्ञापन के जरिए कलेक्टर से मांग की है कि अगर इस मामले में कंपनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस आंदोलन में समाज के अलावा गो-पालक भी शामिल होंगे।*

# महाधिवक्ता और एडिशन के इस्तीफे के बाद बदली टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शासन के महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता के इस्तीफों के बाद राज्य शासन ने विधिक टीम की पुरानी नियुक्तियों को निरस्त करते हुए नई नियुक्ति कर दी है। इसमें छह अतिरिक्त महाधिवक्ता, आठ उप महाधिवक्ता, 17 शासकीय अधिवक्ता और 18 उप शासकीय अधिवक्ता शामिल हैं।



- 59 नई नियुक्तियों का आदेश हुआ जारी


### अतिरिक्त महाधिवक्ता

अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है, जिनमें प्रवीण दास, आशीष शुक्ला, यशवंत ठाकुर, राजकुमार गुप्ता, गैरी मुखोपाध्याय और शशांक ठाकुर शामिल हैं। वहीं उप महाधिवक्ता के रूप में संजीव पांडेय, विनय पांडेय, धर्मेश श्रीवास्तव, आनंद दादरिया, डॉ. सौरभ कुमार पांडे, प्रसून कुमार भदुरी, दिलमन रति मिन्ज और सुमित सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### इन्हें मिली शासकीय अधिवक्ता और उप शासकीय अधिवक्ता की जिम्मेदारी

संतोष कुमार सोनी, अनिल कुमार पांडेय, विनोद कुमार टेकाम, जितेंद्र श्रीवास्तव, विवेक कुमार वर्मा, सुनीता मणिकपुरी, अखिलेश कुमार, केशव प्रसाद गुप्ता, राहुल तमस्कार, संघर्ष पांडेय, अविनाश सिंह, सुयशधर बड़गैया, सब्यसाची चौबे, शैलजा शुक्ला, सुप्रिया उपासने, शलीन सिंह बघेल, प्रियंक राठी सहित कई नाम शामिल हैं। वहीं उप शासकीय अधिवक्ता के रूप में रामनारायण साहू, आनंद गुप्ता, अतानू घोष, रोहित सवा सिंह, कृष्णा गोपाल यादव, ऋषि राज पीथावा, अनिश तिवारी, सौम्या राय, नितांश कुमार जायसवाल, शोभित मिश्रा, अमित बक्सी, अनुराधा जैन, कवलजीत सिंह सैनी, अनुजा शर्मा, अनुषा नाइक, दीक्षा गौराहा, घनश्याम कश्यप और वैशाली महिलांग को नियुक्त किया गया है।

# रियल एस्टेट सुधारों में छग बना देश का रोल मॉडल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- क्रेडाई नेशनल कॉन्क्लेव में गूंजा राज्य का नाम
- छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट सेक्टर में हुए प्रशासनिक सुधार रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र

राष्ट्रीय स्तर पर प्राइवेट रियल एस्टेट डेवेलपर्स की सर्वोच्च संस्था क्रेडाई का नेशनल कॉन्क्लेव नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित देशभर से रियल एस्टेट डेवलपर्स ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के रियल एस्टेट सेक्टर में हुए प्रशासनिक सुधार और नवाचार रहे, जो पूरे देश में रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सरकार की नीतियों के लिए रोल मॉडल माने जाने रहे हैं। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी ने राज्य शासन द्वारा लागू किए गए ऐतिहासिक सुधारों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में स्वतः नामांतरण, जॉइंट वेंचर एग्रीमेंट के आधार पर प्रोजेक्ट की अनुमति और डीम्ड कम्पलीशन सर्टिफिकेट, स्वत्त डाइवर्सन जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इन क्रांतिकारी बदलावों की नेशनल डेलीगेट्स ने व्यापक सराहना की, क्योंकि इनमें से कई सुधार देश में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ में ही प्रभावी हुए हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं विशेष अतिथि के रूप में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव उपस्थित रहे।

*कार्यक्रम ये रहे उपस्थित : कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर चैप्टर का प्रतिनिधित्व करने के लिए आनंद सिंघानिया, पंकज लाहोटी, सुशील पटेरिया, विजय नाथानी, रवि फतनानी, राकेश पांडे, अमित अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, एस. एन. सिंह सहित यूथ क्रेडाई से यश सिंघानिया, नवनीत अग्रवाल, ऋषभ जैन, लकेश चंद्राकर, संदीप चंद्राकर और संचित नथानी शामिल हुए।*

# नर्सिंग प्रवेश के लिए आईएनसी ने दी सात दिनों की मोहलत, परसेंटाइल पर 'नो ऑब्जेक्शन' की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारी-भरकम प्रयास के बाद निजी नर्सिंग कालेजों को 4147 सीटों पर एडमिशन के लिए इंडियन नर्सिंग काउंसिल से 31 दिसंबर यानी सात दिनों की मोहलत मिल गई है।

आईएनसी ने प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़ाने मंगलवार को जारी करने वाले पत्र में परसेंटाइल कम करने के मामले में अनापत्ति का उल्लेख नहीं किया है। अनुमान है कि इसके लिए शुक्रवार तक नई चिट्ठी जारी की जा सकती है, जिसके आधार पर प्रवेश के लिए राज्य शासन न्यूनतम अंक के नियम को शिथिल करेगा। नर्सिंग कालेजों में बीएससी नर्सिंग की पूरी सीटों पर एडमिशन टेढ़ी खीर है। हर साल पचास फीसदी सीट खाली रहने पर प्रवेश की तारीख और परसेंटाइल कम करने की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस बार काफी मशक्कत और ऊंचा जैक लगाने के बाद प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़ाने की अनुमति मिल गई है। शुक्रवार को भारतीय उपचर्या परिषद ने 31 दिसंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अनुमति दी है। अभी प्रवेश के न्यूनतम 40 और 50 अंक के नियम को भी शिथिल करने की आवश्यकता है। इसके लिए नया पत्र जारी किए जाने का इंतजार है। निजी नर्सिंग कालेजों को इस पत्र के बाद राहत तो मिली, मगर 4147 सीटों पर एडमिशन के लिए सात दिन कम हैं। इस बात की संभावना है कि आने वाले दिनों में प्रवेश की अंतिम तारीख और आगे बढ़ाई जा सकती है। राज्य में वर्तमान में सवा सौ से ज्यादा नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 7811 सीट है। खाली सीटों की संख्या को ध्यान रखते हुए चिकित्सा शिक्षा संचालक ने 28 नवंबर को आईएनसी को चिट्ठी भेजी थी।



- निजी नर्सिंग कालेजों को मिली राहत, 4147 सीट अभी है खाली

# हरदी एनीकट के गेट को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त, घंटों चला मरम्मत का काम तब जाकर रुका पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में हरदीह एनीकट के गेट को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे एनीकट में भरा पानी बहने से लगातार बर्बादी हो रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही संसाधन विभाग के अफसरों में हड़कंप मच गया। इस पानी की बर्बादी को रोकने के लिए अफसरों ने तत्काल क्षतिग्रस्त गेट के हिस्से की मरम्मत कराते हुए पानी के बहाव को बंद कराया।

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश का सीजन समाप्त होने के बाद एनीकट एवं स्टापडेम के गेटों को बंद कर दिया गया है। हरदी एनीकट के सभी गेट भी 13 नवंबर से बंद है, जिससे एनीकट में पर्याप्त जल भराव हो गया था, लेकिन 15 दिसंबर को असामाजिक तत्वों ने इस गेट के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे लगातार पानी की बर्बादी हो रही थी। गेट के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी जैसे ही विभाग में हुई अफसरों में हड़कंप मच गया। इसके बाद अफसरों ने तत्काल इस गेट को बंद कराने के लिए मरम्मत का कार्य शुरू कराया। बताया जा रहा है कि कई घंटे तक मरम्मत का काम चला, तब जाकर गेट को बंद किया जा सका। हालांकि अभी इस गेट को बंद करने के अस्थाई रूप से मरम्मत हुई है।



अफसरों के अनुसार गेट पर किसी लोहे के वजनदार वस्तु से वार किया गया है, जिससे गेट का पाट्र्स डेमेज हो गया है, जिसे जल्द ही लगा दिया जाएगा। इधर इस मामले में विभाग ने आरंग थाने में अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफ एफआईआर भी कराई है। पुलिस मामले में जांच कर आरोपियों की तलाश कर रही है। अफसरों के अनुसार गेट की मरम्मत कर बंद किए जाने के बाद वर्तमान में एनीकट में लगभग 5 फीट तक जल भराव है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



हिंद के सितारे, ऐ राजा जी... लोकगीतों पर...

## लाइव इवेंट

### शिवांजलि महोत्सव में कला संस्कृति की पेश की झलक



**रायपुर।** शास्त्रीय एवं लोक नृत्यों और सृजनात्मक चित्रकला ने दर्शकों को बेहतर माहौल दिया। प्रस्तुतियों में आस्था, साधना और सौंदर्य का बेजोड़ तालमेल देखने को मिला। इससे वातावरण कलात्मक ऊर्जा से सराबोर हुआ। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ मंचीय अनुशासन ने शिवांजलि महोत्सव को आकर्षण का केन्द्र बनाया। यह दृश्य दो दिवसीय नृत्य, संगीत एवं कला महोत्सव 'शिवोम-शिवांजलि' में देखने को मिला। महोत्सव शिवोम-विद्यापीठ के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। बुधवार को भावनात्मक वातावरण में सफल आयोजन का समापन किया गया। 23 एवं 24 दिसंबर को सांस्कृतिक आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने भारतीय सभ्यता, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता को अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से मंच पर जीवंत किया। विद्यापीठ के चेयरमैन अवधेश शर्मा एवं डॉ. नीलिमा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

#### सांस्कृतिक संवाद का प्रतिभागियों को दिया अवसर

विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक डॉ. राखी राय एवं अरुण गायकवाड़ ने हर प्रस्तुति पर पैनी नजर रखा। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुति की गुणवत्ता, भाव-प्रस्तुति एवं रचनात्मकता की प्रशंसा के आधार पर मूल्यांकन किया। इस अवसर पर शिवोम विद्यापीठ के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा ने कहा कि शिवोम शिवांजलि कलाकारों को आत्मविश्वास, मंच अनुभव और सांस्कृतिक संवाद का हर साल अवसर देता है। यह संपूर्ण महोत्सव असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली और प्राचार्य जया बंदेलू के कुशल संचालन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन ने सिद्ध किया कि विद्यापीठ न केवल शिक्षा, बल्कि कला, संस्कृति और भारतीय परंपराओं के संवर्धन के लिए भी समर्पित है।

● प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में मसीही समाज ने मनाया उत्सव, गोशाला में स्थापित की गई आकर्षक झांकी

# क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए रंगीन लाइटों से सजे गिरजाघर आधी रात प्रार्थना कर जलाए कैंडल और बांटी खुशियां


**रायपुर।** हर साल की तरह बैरनबाजार स्थित महागिरजाघर में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में सैकड़ों लोग शामिल होने पहुंचे। क्रिसमस की खुशी को खास बनाने के लिए मसीही समाज के युवाओं ने पटाखों से धूम मचाई। प्रार्थना सभा में ज्यादातर लोग परिवार के साथ शामिल हो सकें, इसके लिए सभी चर्चों में व्यवस्था बनाई गई थी। चर्च कैंपस को विभिन्न तरह की रंगीन लाइटों से रोशन किया गया। बुधवार की रात भी क्रिसमस ट्री सजाने के साथ ही प्रभु यीशु द्वारा दिए गए संदेश को भी चर्च की दीवारों पर खास तरीके से सजाया है। इस तरह का प्रयास युवाओं को परमात्मा द्वारा दिए गए संदेश से जोड़ने के लिए किया गया। गिरजाघरों में समाज के प्रमुखों सहित हर वर्ग के लोग शामिल हुए और प्रभु यीशु के आने की खुशी को आपस में सेलिब्रेट किया। अब गुरुवार को दिनभर गिरजाघरों में प्रार्थना सभाओं के साथ उत्सव का माहौल बनेगा।

### आज सभी चर्चों में की जाएगी विशेष सभा

शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाके के चर्चों में भी उत्सव मनेगा। गुरुवार सुबह भी सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना होगी। यह उन लोगों के लिए खास होता है, जो लोग क्रिसमस की रात होने वाली प्रार्थना का हिस्सा नहीं बन पाते हैं। इसमें प्रभु ने मानव कल्याण के लिए जो रास्ता दिखाया है, उसे पादरी द्वारा प्रार्थना सभा में लोगों को बताया जाएगा। इसके साथ कई चर्चों में कैरोल सिंगिंग होगी।

' शहर के गिरजाघरों में प्रभु यीशु के स्वागत की धूम बुधवार की देर-रात तक रही। इसके लिए रंग-बिरंगी रोशनी से 45 से ज्यादा चर्चों को रोशन किया गया था। इनमें शाम 5 बजे उत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने के बाद लोग घर लौटे। रात 11 बजने के बाद से उत्सव को सेलिब्रेट करने वालों की भीड़ गिरजाघरों में बढ़नी शुरू हुई। आधी रात घड़ी के कांटे ने जैसे ही 12 बजने का संकेत दिया, कुछ पल के लिए मानो शांति छा गई। प्रभु के स्वागत में शामिल होने पहुंचे मसीही समाज के लोगों ने प्रार्थना के बाद एक-दूजे को उत्सव की बधाई देने के बाद कैंडल जलाते हुए अवसर को खास बनाया।'





### केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को किया सेलिब्रेट

*बैरन बाजार स्थित सेंट जोसेफ चर्च के फादर की अगुवाई में क्रिसमस को सेलिब्रेट किया गया। रात के 11 बजते ही लगभग सभी चर्चों में आराधना शुरू हुई। मध्यरात्रि में परमात्मा का जन्म होने पर फादर बालक यीशु के प्रतिरूप को लेकर लोगों के समक्ष आए। इसके साथ ही प्रार्थना सभा मैरी क्रिसमस से गुंजायमान हुआ। लोग खुशी मनाते हुए इस बार आतिशबाजी से भी अवसर को खास बनाया। आधी रात को केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को उत्सव का रूप दिया। यह सिलसिला रात डेढ़ बजे तक चलता रहा। इसके बाद लोग परिवार के साथ घर लौटे।*



### झांकी में माता मरियम की गोद में यीशु

कापा, भनपुरी, टाटीबंध, जोरा, रावांभाठा में बनाई गई व्यवस्था के तहत लोगों को प्रभु यीशु के आने की खुशी से जुड़ने का अवसर दिया गया। इसके पहले ही जन्म से जुड़ी मान्यता के तहत लोगों ने चर्च के बाहर गोशाला को आकार दिया। इसे यीशु के जन्म के प्रतीक स्थल के रूप में सजाया गया। गोशाला की झांकी में माता मरियम की गोद में यीशु की प्रतिमा को भी सजाया गया है। भेड़, बकरी और गड़रिए की प्रतिमाओं के बीच परमात्मा की अलग-अलग आकर्षक झांकी इस बार भी चरनी बनकर सजाया है।



### गिरजाघरों में कैंडल जलाने सजाया स्टैंड

सभी चर्चों में पहले से की गई तैयारी रंगत में नजर आई। कैंपस में क्रिसमस की खुशी में कैंडल जलाने के लिए पहुंचे मसीही समाज की सुविधा के लिए स्टैंड से लेकर हर तरह की तैयारी की गई थी। क्रिसमस के दूसरे दिन यानी गुरुवार को सभी चर्च परिसर में उत्सव का माहौल बनने वाला है। इसमें हजारों की तादाद में लोग परिवार के साथ शामिल होंगे। इसे देखते हुए लोगों को कैंडल जलाने, पेयजल, प्रार्थना सभा के लिए सारी तैयारी की गई है। इस बार भी लोगों को सुविधा देने के लिए युवाओं की टोली सहयोग करेगी।



## सिटी इवेंट

### आदिवासी आश्रम और बालगृह ने संवारा योगिता का बचपन, राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की बनी हकदार



**रायपुर।** एक ऐसे बचपन की कहानी, जिसने तकलीफों में पल कर खुद को दुनिया के लिए मिसाल बना दी है। हम बात कर रहे हैं 4 साल की उम्र में माता-पिता को खोने के बाद आश्रम और बालगृह में बचपन बिताने वाली आदिवासी बेटी योगिता मंडावी की। राज्य के दुरस्त आदिवासी गांव की 14 वर्षीय योगिता मंडावी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए चयनित की गई है। कोंडागांव की एक दुरस्त वनांचल आदिवासी गांव हिर्री की शैक्षणिक आश्रम में बचपन से 8 साल की उम्र तक पली योगिता की जिंदगी में नया सवेरा तब हुआ, जब वह 9 वर्ष की उम्र में कोंडागांव बालगृह पहुंची। बालगृह में योगिता ने कड़ी मेहनत व लगन से जूडो खेल का प्रशिक्षण हासिल किया। 10 साल की उम्र में योगिता ने स्कूल प्रतियोगिता में जिला स्तर और फिर 13 साल की उम्र में राज्य स्तर की सर्वश्रेष्ठ जूडो खिलाड़ी बन कर अपने इरादे जाहिर कर दिए।

#### इसलिए दिया जा रहा पुरस्कार

यह पुरस्कार 26 दिसंबर को दोपहर 12 बजे विज्ञान भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू द्वारा योगिता को जूडो खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया जाएगा। राजेन्द्र कुमार निगम (संयुक्त सचिव छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद) ने बताया कि पुरस्कार ग्रहण करने के लिए बुधवार को कोंडागांव बालिका गृह की अधीक्षिका मणि शर्मा के साथ योगिता मंडावी नई दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं। यह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार उन्हें 14 वर्ष की बेहद कम उम्र में विपरीत परिस्थितियों को मात देते हुए नेशनल जूडो खिलाड़ी की पहचान हासिल करने के लिए दिया जा रहा है।

#### जूडो की फेवरेट थ्रो है सीटिंग सियोई नागे

योगिता ने बताया कि वह विरोधियों को प्रतियागिता में मात देने के लिए जूडो की सियोई नागे सीटिंग थ्रो उनका फेवरेट थ्रो है। इसे शोल्डर थ्रो कहा जाता है। जूडो में सबसे प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकों में से एक है। इसमें आप अपने प्रतिद्वंद्वी को अपनी पीठ पर लाते हैं और फिर उन्हें आगे की ओर फेंकते हैं।

#### फेवरेट खिलाड़ी रंजीता कुरैटी

योगिता ने बताया कि उनकी सबसे पसंदीदा खिलाड़ी जूडो की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राज्य की रंजीता कुरैटी है। योगिता का सपना है कि वह एक दिन अंतराष्ट्रीय स्तर की सर्वश्रेष्ठ जूडो खिलाड़ी बने। इसके लिए वह सांई सेंटर भोपाल में कड़ी मेहनत व प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

#### स्वामी आत्मानंद स्कूल में 9वीं की छात्रा

योगिता ने बताया कि वह अभी स्वामी आत्मानंद स्कूल कोंडगांव में 9वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही हैं। वह खेल के साथ-साथ पढ़ाई भी मन लगा कर करती हैं। खेल परीक्षण व पढ़ाई में समय प्रबंधन का ध्यान रखती हैं।

# फनकारों ने गार्डन में सजाई गीतों की महफिल, रफी को किया याद

**रायपुर।** शहर के निगम गार्डन में बुधवार की शाम सात बजे से 'एक शाम शहंशाह ए तरन्नुम मोहम्मद रफ़ी के नाम' का आयोजन किया गया। जहां फनकारों ने रफी की याद में उनके गीतों की प्रस्तुति से ऐसी महफिल सजाई, जिसमें हर वर्ग के श्रोताओं ने संगीत का लुत्फ उठाया। दिल कहे रुक जा रे रुक जा..जैसे गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देते हुए संगीत प्रेमियों से वाहवाही लूटी। इसमें मुख्य अतिथि एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला थे। उम्दा फनकार के रूप में उन्होंने किशोर दा के नगमों की प्रस्तुति देते हुए रफ़ी साहब की जयंती पर किए गए आयोजन को गीतों से सजाया। आरकेएम फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप के फनकार मो. लतीफ़, विक्की सोनी, नंदू सोनी ने रफी साहब के गानों की बेहतरीन प्रस्तुति से श्रोताओं से वाहवाही लूटी।





### हर वर्ग के श्रोता रहे मौजूद

वहीं, विनोद देवांगन, मुकेश फेम, वेनुगोपाल, पिंकी रामटेके, संगीता निषाद, डी.लता, बेबी एन तन्वीश्री और रजनी साहू सहित कई युवा फनकारों ने गीत-संगीत की महफिल में किसी न किसी गीत के जरिए रफी साहब को याद किया। फनकारों ने तीन महान सिंगर रफ़ी, किशोर और मुकेश के एकल और युगल गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति के क्रम को आगे बढ़ाया। मंच संचालन करते हुए संजय शर्मा ने गीतों के सिलसिले को आगे बढ़ाया। उन्होंने श्रोताओं के बीच अहम भूमिका निभाते हुए मंच से जोड़ने का प्रयास किया। गीत-संगीत की इस महफिल का साक्षी बनने के लिए हर वर्ग के श्रोता मौजूद थे।

# टीम वर्क से नए साल को सुनहरा बनाएं, इससे काम बेहतर होगा

**रायपुर।** किसी काम को शुरू करना आसान होता है, लेकिन उसमें सफलता तभी मिलती है, जब टीम वर्क किया जाता है। इस भावना से आगे बढ़ते हुए हम नए साल को सुनहरा और यादगार बना सकते हैं। इससे नए साल की धमाकेदार शुरुआत होगी। इसी भावना के साथ जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल की अध्यक्षा जेसी डॉ. धृति शर्मा ने कार्यकारिणी और नए सदस्यों को बुधवार को ट्रेनिंग प्रोग्राम से जोड़ा। पद पर कार्यरत कार्यकारिणी सदस्यों को उनके काम की ज़िम्मेदारी और महत्व के साथ ही सफलता किस तरह से प्राप्त की जा सकती है, इसे समझाने का प्रयास ट्रेनिंग ऑथर निशा जैन ने किया। नए सदस्यों को नई राह दिखाते हुए उनके सपनों को पूरा करने की ट्रेनिंग नेशनल ट्रेनर जेसीआई आंचल पंजवानी से मिली। जेसीआई से क्या मिल सकता है, जेसीआई क्या दे सकता है, इस पर उन्होंने नए सदस्यों को विस्तार से समझाया।



### अपने शहर ही नहीं, दुनिया में बना सकते हैं पहचान

ट्रेनिंग के दौरान जेसीआई किन पांच एरिया में काम करता है, इसकी जानकारी नए सदस्यों को दी गई। ट्रेनर्स ने यह भी बताया कि जेसीआई एक नेशनल संगठन है, जहां न केवल अपने शहर में, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान कैसे बना सकते हैं। जेसीआई की फाउंडर प्रेसिडेंट लीना वॉढेर सहित रूपाली दुबे, रुमा पटेल, शीतल उपाध्याय, मोना दुबे, निशा जैन और चंचल पलसानिया ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। वामा कैपिटल की पीआरओ प्रियंका कहालिया ने बताया कि 30 कार्यकारिणी और 18 नए सदस्यों की उपस्थिति में ट्रेनिंग प्रोगाम किया गया। इसका निर्देशन बरखा अग्रवाल ने किया।

राजधानी के भाठागांव और लाखेनगर मैदान में सजाए गए मेले में लोगों को मिल रहा है मनोरंजन का बेहतर माहौल

कार्नर न्यूज

# मेले में लोगों को भा रही आकर्षक जलपरी बंगले में घुसते ही डरा रहा भूतों का मायाजाल



**रायपुर।** शहर के लाखेनगर मैदान में जारी मेले में फिलीपींस से आए कलाकारों का ग्रुप लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। मेले में घुमने पहुंचने वाले लोगों को जलपरी की आकर्षक क्रीडा भा रही है। इसे सबसे ज्यादा बच्चों द्वारा पसंद किया जा रहा है। उनकी जिद के चलते माता-पिता भी जलपरी के आकर्षक क्रीडा को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। मेले के संचालक हुमायू अंसानी ने बताया कि इस साल भी फिलीपींस से आधा दर्जन टेक्निशियन के साथ ही दो जलपरियों का ग्रुप आया है। इनके द्वारा शाम ढलते ही लोगों को खास अवसर दिया जाता है। लोग इसे देखने के लिए ही नहीं बल्कि जलपरी के साथ सेल्फी बनाने में भी रुचि ले रहे हैं। बच्चों का लगाव जलपरियों के आकर्षण के प्रति ज्यादा देखने को मिल रही है।





### 20 से 25 मिनट देखने के बाद बनाते हैं फोटो

बच्चों के साथ ही युवाओं का एक बड़ा वर्ग इस आकर्षक माहौल का लुत्फ उठाने के लिए प्रतिदिन पहुंच रहा है। जलपरी के बीच 20- 25 मिनट बिताने के बाद लोग जाते-जाते उनके साथ फोटो और वीडियो बनाना भी पसंद कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ भाठागांव मेले में शापिंग मॉल की तर्ज पर भूत बंगला बनाया गया है। मेले के प्रमुख शोएब अहमद ने बताया कि भूत बंगला जोन को मेले में सबसे ज्यादा युवाओं का ग्रुप पहुंचता है। इसमें घुसते ही कही लाइटिंग तो कई घनघोर अंधेरे के बीच अचानक भूतों के ठहाके और उनकी क्रीडा लोगों को भयभीत करती है।

### हर मोड पर एक नई चुनौती से आगे बढ़ते लोग

भूत बंगले में प्रवेश करते ही सबसे पहले सन्नाटे का वह माहौल मिलता है, जैसा कि आमतौर पर भूत-प्रेस वाले स्थानों पर होता है। आगे बढ़ने पर किसी चुडैल की आवाज सुनाई देती है। आकर्षक लाइटों की मदद से तैयार किए माहौल में लोग डरने के साथ एक-दूसरे का हाथ थामे आगे बढ़ते है। आगे बढ़ने पर कही शोर मचाते भूत-पिसाच अचानक लोगों के सामने होने का एहसास कराते हुए डरने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इसमें ज्यादातर लोग अपने परिजनों और दोस्तों के साथ ही प्रवेश करते और भूतों का सामना करते हैं।



## धर्म लाइव

# स्वामी श्रद्धानंद और दयानंद हैं हमारे आदर्श, धर्म रक्षा के लिए खाई गोली



रायपुर। हमारा आदर्श स्वामी श्रद्धानंद और स्वामी दयानंद हैं, जिन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए गोली खाई। विमतारा ऑडिटोरियम में आयोजित स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस समारोह में यह बात ओजस्वी वक्ता योगेश भारद्वाज ने कही। अध्यक्षता पूर्व संघ संचालक बिसरा राम यादव ने की। विशिष्ट अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा थे। लोगों को संबोधित करते हुए मुजफ्फर नगर से आए आर्य समाज के ओजस्वी वक्ता योगेश भारद्वाज ने हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम बांग्लादेश और अफगानिस्तान में इसलिए कट रहे, क्योंकि हम बंटे हुए हैं। जातियों पर गर्व करते हुए इतनी जातियों में बंट गए कि एक प्रदेश में ही लाखों जातियों की गणना सामने आती है। हिंदू समाज को एक करने का मार्ग केवल आर्य समाज और स्वामी दयानंद के विचारों से संभव हो सकता है।


### चुनौती देने वाली शक्तियों को नजरअंदाज नहीं कर सकते




स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान को स्मरण कराते हुए भारद्वाज ने कहा कि देश को चुनौती देने वाली शक्तियों को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। इसका एकमात्र समाधान घर वापसी है। उन्होंने वीरता और संघर्ष की परंपरा के लिए महाराणा प्रताप, दिवेर के युद्ध और बहलोल खान को याद किया। मात्र 1500 सैनिकों के साथ महाराणा प्रताप ने 30000 की सेना का सामना किया और अद्भुत पराक्रम का परिचय दिया। यही वीरता हिंदू समाज का वास्तविक आदर्श है। गुरु गोविंद सिंह, वीर बंदा बैरागी, गुरु तेग बहादुर और साहिबजादों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। 06-08 वर्ष के बच्चों को दीवारों में जिंदा चुनवा दिया।

## सिटी लाइव

# समाज को जागरूक करने, ज़रूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं लोग




**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वींस ने समाज के समक्ष यह वादा किया था कि गरबा फंडरेज़र से एकत्र राशि कैंसर पीड़ित के इलाज में लगाई जाएगी और क्लब ने यह वादा पूरी निष्ठा से निभाया। यह पहल किसी प्रकार का दिखावा नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने और ज़रूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश है। इस संकल्प के अंतर्गत मध्य प्रदेश के 5 वर्षीय कैंसर पीड़ित बालक शुभम गोहिया के इलाज के लिए 2 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। यह चेक डॉ. रमन सिंह (विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़) की गरिमामयी उपस्थिति में शुभम के माता-पिता को सौंपा गया। बालक का उपचार बालको हॉस्पिटल में जारी है। इस सेवा कार्य में बालको टीम के विरेंद्र सिंह राजपूत, पुनित तिवारी एवं डॉ. भवना सरोही मेडिकल डायरेक्टर एंड सीनियर मेडिकल आनकोलॉजिस्ट का अमूल्य मार्गदर्शन मिला। इस नेक पहल में पीडीजी रोटे रंजित सिंह सैनी एवं रोटे नवीन बागरेचा प्रेसिडेंट रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल्स का विशेष सहयोग रहा। प्रेसिडेंट रोटे दिपेंदर कौर रेहल एवं सेक्रेटरी रोटे प्रभजीत कौर भाटिया के नेतृत्व में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वींस भविष्य में भी समाजसेवा के अपने संकल्प को निरंतर निभाता रहेगा।

## इवेंट लाइव

# ऑपरेशन सिंदूर, काली तांडव एवं कांतारा नृत्य में नारी शक्ति का दिव्य रूप



रायपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक उत्सव स्पार्कल्स धूमधाम से मनाया गया। इसमें मां के विभिन्न रूपों को दिव्य मां, पालनहार मां और मातृभूमि को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'ऐ गिरि नंदिनी', 'मेरी प्यारी अम्मी' तथा मां के जीवन-यात्रा पर आधारित भावनात्मक नृत्य प्रस्तुत्तियां शामिल रहीं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से मातृभूमि भारत के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण काली तांडव एवं कांतारा नृत्य रहा, जिसने नारी शक्ति और दिव्य ऊर्जा को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### विद्यार्थियों ने दिखाई अद्भुत कला प्रतिभा

वार्षिक उत्सव स्पार्कल्स में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर पेरेंट्स, टीचर्स और अतिथियों को भावविभोर कर दिया। प्रोफेशन नृत्य, सिंगिंग और एक्ट से प्रतिभागी छात्रों ने ऑडियंश का मन मोहा। इस तरह से वार्षिक उत्सव स्पार्कल्स का समापन भावनाओं, गर्व और श्रद्धा के साथ हुआ। इस अवसर पर ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि संवेदनशील, संस्कारी और जागरूक नागरिकों के निर्माण का माध्यम है। सुबह के सत्र में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सूफी गायक पद्मश्री भारती बंधु रहे।

---

● स्वदेशी मेले में प्रसिद्ध भोजपुरी कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी ने रंगारंग प्रस्तुति से बांधा समां

# हिंद के सितारे, ऐ राजा जी... जैसे गीतों पर मनोज ने मचाई धूम, जमकर झूमे ऑडियंस

बुधवार को स्वदेशी मेले में प्रसिद्ध भोजपुरी कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी ने मंच पर अपनी प्रस्तुति से समां बांधा। उन्होंने पंचायत सीरीज के गीत, हिंद के सितारे, ऐ राजा जी वाला, अपने अंचरवा के छइयां, शीतला भवानी हे मइया, हा हम बिहारी है जी थोड़े संस्कारी हैं, जैसे गीत प्रस्तुत किए। इन गीतों को सुन मेले में पहुंचे दर्शक मंत्रमुग्ध हुए। वहीं, कल्चरल एक्टिविटी में एकल गीत प्रतियोगिता में देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी, ओडिसी, पुराने फिल्मी एवं लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।



### क्राफ्ट प्रतियोगिता में बनाया बेस्ट ऑफ वेस्ट

*क्राफ्ट (बेस्ट ऑफ वेस्ट) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और मौलिकता का परिचय देते हुए अनुपयोगी वस्तुओं से आकर्षक मॉडल तैयार किए। इनमें बॉल हैंगिंग, फ्लावर पॉट, ड्रीम कैचर, पेन स्टैंड, साइकिल आदि प्रमुख रहे। प्रतियोगिता में लगभग 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके निर्णायक टी. नागेश्वर राव एवं प्रीति मुदंग रही। प्रतियोगिता प्रभारी भारती बागल, एपी झा, मीना अग्रवाल, ज्योति देवांगन, तुलिका पाण्डेय, सविता मौर्य एवं कमल रंधावा रहीं।*

**रायपुर।** पारंपरिक लोक कला में प्रतिभागियों का शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। सांस्कृतिक समागम के अंतर्गत तेलुगु समाज के कलाकारों द्वारा कुचिपुड़ी एवं भरतनाट्यम नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सन्निधि विश्वनाथ राव द्वारा बैद्यनाथ धाम शिवलिंग की कथा को नृत्य-नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया गया। तेलुगु जनपद गीतों एवं नृत्य, तेलुगु समाज की परंपराओं का परिचय, तेलुगु फिल्म गीत और डी. प्रभाकर द्वारा तेलुगु कविता पाठ ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। मेले में दिनभर चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न स्टॉल और झूले सभी वर्गों के लोगों को आकर्षित कर रहा है।







### स्वादिष्ट व्यंजनों का उठा रहें लुत्फ

मेले में आंध्र समाज द्वारा फूड स्टॉल में इडली, डोसा, स्पंजी डोसा, उत्तपम, नारियल चटनी, टमाटर चटनी सहित विशेष आंध्र व्यंजन उपलब्ध कराए गए। मेले में कार्यक्रम का मंच संचालन सी. नागेश्वर राव, सी. श्रीलक्ष्मी एवं जगदीश्वरी पटनायक द्वारा किया गया।

### समापन समारोह आज

आयोजकों ने बताया कि 25 तारीख को स्वदेशी मेला का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह होगा। इस अवसर पर राजस्थानी समाज का सामाजिक समागम, दोपहर में भाषण प्रतियोगिता एवं मंचीय कार्यक्रम होंगे, जिनमें स्वामी जी, सीडी भारती (कबीर भजन) एवं लालजी श्रीवास (लोकमंच) की प्रस्तुतियां होंगी।

---

# अवचेतन मन में असीमित शक्तियां लोग उनका सही उपयोग नहीं करते

**रायपुर।** इंटरनेशनल माइण्ड एण्ड मेमोरी मैनेजमेन्ट ट्रेनर ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह ने बुधवार को बताया कि चिन्ता, तनाव, भय, दुख और अशान्ति के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं। तनाव से बचने के लिए बच्चा बन जाएं और मुस्कुराना सीखें। जब हम तनाव में होते हैं तो हमारी धमनियों में ब्लाकेज होना शुरू होता है। कोलस्ट्रोल बढ़ जाता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा इंडोर स्टेडियम में आयोजित जीवन प्रबंधन कला पर तीन दिवसीय शिविर के दूसरे दिन शक्तिराज भाई ने 'विचार परिवर्तन से जीवन परिर्वन' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आगे कहा कि विचारों का जीवन पर गहरा प्रभाव होता है। अपनी सोच को बदल लेने से जीवन बदल सकता है। जीवन को खुशहाल बनाने के लिए माइण्ड सेट होना जरूरी है। माइण्ड को सेट नहीं करेंगे तो जीवन अपसेट रहेगा।





### घर में कलह मतलब बैटरी डिस्चार्ज

उन्होंने कहा कि इंसान ने कम्प्यूटर को बनाया है, कम्प्यूटर ने इंसान को नहीं बनाया। सोचिए हमारे अन्दर कितनी असीमित शक्तियां हैं। हमारा अवचेतन मन एक जिन्न की तरह है। हम उसे जो भी कमाण्ड देते हैं, वह उसे ज्यों का त्यों स्वीकार करता है। जरूरत अपनी शक्तियों को पहचानने की है। हमारे अन्दर एक हीरो छिपा हुआ है, हमारा माइण्ड सेट हो तो हम सब कुछ कर सकते हैं। आगे कहा कि निगेटिव एनर्जी से आत्मा रूपी बैटरी डिस्चार्ज होती है। घर में कलह-क्लेश है, इसका मतलब बैटरी डिस्चार्ज है। मेडिटेशन के माध्यम से परमात्मा को याद करने से परमात्म शक्ति प्राप्त होती है। अगर इक्कीस दिनों तक खराब रिलेशन वाले व्यक्ति को पॉजिटिव वायब्रेशन दिए जाएं तो खराब रिलेशन ठीक हो जाते हैं।

### जीवन में बनता जाता है कार्मिक एकाउंट

निगेटिविटी दूर करने का सबसे अच्छा उपाय बताते हुए कहा कि हम सभी एक पिता परमात्मा की संतान होने के कारण आपस में भाई-भाई हैं। जब यह ईश्वरीय ज्ञान मिल जाता है तो हम सामने वाले को जैसा है, स्वीकार कर लेते हैं। इससे अस्सी प्रतिशत झगड़ा समाप्त हो जाता है। आत्मा एक सूक्ष्म शक्ति है, वह शरीर के द्वारा कर्म करती है। हम दिनभर में जितने लोगों के सम्पर्क में आते हैं, उनके साथ हमारा कार्मिक एकाउण्ट बनता है, जो हमें अपने जीवन में चुकाकर बराबर करना होता है। इसलिए जब भी विपरीत परिस्थिति आए, दुःख या संकट आए तो सदैव यह समझना चाहिए कि पिछले जन्म का हिसाब-किताब खत्म हो रहा है।

# डिज़ाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज 2026 में स्टूडेंट्स ने किए नवाचार



**रायपुर।** एनआईटी में बुधवार को डिज़ाइन फॉर भारत यूथ इनोवेशन चैलेंज-2026 का सम्मान समारोह हुआ। एनआईटी रायपुर के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पांचवें सेमेस्टर के छात्र हुमांशु साहू ने अपना नवाचार आरएनालिस प्रस्तुत किया, जो किडनी रोग की प्रारंभिक पहचान पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि यह एक टेस्टिंग स्ट्रिप है और इसके प्रयोगशाला परीक्षण पूर्ण हो चुके हैं, जबकि फील्ड ट्रायल शेष है। यह नवाचार मूत्र-आधारित दो बायोमार्कर क्रिएटिनिन और एल्ब्यूमिन का उपयोग करता है, जिससे बिना प्रयोगशाला या बिजली के प्रारंभिक किडनी रोगों की पहचान संभव हो पाती है। यह एक फील्ड-रेडी, किफायती स्क्रीनिंग टूल है, जिसमें कोल्ड चेन या विशेषज्ञ प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है एवं किडनी रोग की समय पर पहचान संभव हो पाती है। वहीं, टीम बॉयो एक्सट्रीम जिसमें वैभव साहू, सुधीश सिंह एवं श्रद्धा (जैव प्रौद्योगिकी विभाग, तृतीय सेमेस्टर) ने अपना नवाचार द थरमोस्मार्ट राइस प्रस्तुत किया। टीम ने बताया कि यह नवाचार देशी हीट शॉक प्रोटीन सीपीएन 60 को सशक्त बनाकर धान को 40–45 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान में भी जीवित रहने में सक्षम बनाता है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अर्पित तिवारी, स्टेट डायरेक्टर, माय भारत एवं अतिथि डॉ. समीर बाजपेयी, निदेशक (प्रभारी), एनआईटी रायपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्य व प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. श्रुति एस. नागदेवे, नोडल ऑफिसर, डिजाइन फॉर भारत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन विजेताओं की घोषणा और उनके सम्मान के साथ हुआ, जिसमें आर-एनालिस, बॉयो-एक्ट्रीम एवं ओसोवोट को सम्मानित किया गया।

---

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर बढ़ाया हौसला

# खेल प्रतिभाओं ने मैदान में जमाया रंग, मारी बाजी

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** नेताजी सुभाष स्टेडियम में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा सांसद मनोज तिवारी एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। वहीं, देश स्तर पर नाम रोशन करने वाले खेल पदाधिकारियों, वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं कोचों का भी सम्मान किया गया। सांसद खेल महोत्सव में कुश्ती, खो-खो, शतरंज सहित कुल 13 अलग-अलग खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इस आयोजन से न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि राजधानी में खेल संस्कृति को भी नई ऊर्जा मिली है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के हाथ विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेलप्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बता दें सांसद खेल महोत्सव के तहत विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है।







### समारोह में यह रहे उपस्थित

समारोह में विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जितेंद्र धुरंधर, कबड्डी संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, सभी जोन अध्यक्ष, पार्षदगण, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन उपस्थित रहे।

### खेल महोत्सव का समापन समारोह आज

खेल महोत्सव का समापन समारोह गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सब जूनियर, जूनियर राष्ट्रीय जूजित्सु में छत्तीसगढ़ ने जीते पदक



**रायपुर।** हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखंड में 20 से 24 दिसंबर तक आयोजित सब जूनियर, जूनियर राष्ट्रीय जूजित्सु प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 40 खिलाड़ी एवं 4 कोच भागीदारी दे रहे हैं। प्रतियोगिता में आयु वर्ग 8 साल से 18 साल तक बालक/बालिका ने 2 इवेंट नेवाज़ा एवं फाइटिंग में भाग लिया। छत्तीसगढ़ दल में रायपुर जिले से 8 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रायपुर जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण , 1 रजत एवं 4 कांस्य पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक अंडर-12 कृष्णा राज (नेवाजा) रजत पदक अंडर -16 सौम्या श्रीवास्तव (नेवाजा) कांस्य पदक अंडर -18 दीपक पाल (नेवाजा) दीपक पाल (फाइटिंग) अंडर -16 सौम्या श्रीवास्तव (फाइटिंग) अंडर-18 सुनिधि भद्रा (फाइटिंग) राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य जुजित्सु संघ के सचिव राणा अजय सिंह को प्रतियोगिता में असिस्टेंट टूर्नामेंट डायरेक्टर एवं रायपुर से कोच सूरज वर्मा नियुक्त हुए। सभी पदक विजेताओं को रायपुर जुजित्सु संघ के अध्यक्ष जी स्वामी , उपाध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर , कोषाध्यक्ष अमोल तिवारी एवं कोच अजय तिवारी,मिलन पटेल , सागर सुंदरम , मकरध्वज पटेल ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी है।

### विजय हजारे ट्रॉफी में अमन और शुभम की शानदार पारी





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी के मुकाबले बुधवार से शुरू हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच जयपुर में गोवा सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। गोवा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 48.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 233 रनों का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे ने सर्वाधिक 76 रन बनाए वहीं मयंक वर्मा ने 64 रन तथा अनुज तिवारी ने 29 रनों का योगदान दिया। गोवा की ओर से कौशिक तथा दीपराज गांवकर ने 4-4 विकेट लिए। 234 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा ने 44.1 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 234 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। गोवा की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज स्नेहल कौथांकर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 107 रन बनाये तथा गोवा की जीत सुनिश्चित की। उनके अतिरिक्त कश्यप बाकले ने 48 रन तथा ललित यादव ने 43 रन बनाए। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से शुभम अग्रवाल ने 3 विकेट प्राप्त किये। गोवा ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ आगे, यथार्थ ने लिए 3 विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 07 दिसबंर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (23-25 दिसंबर) ग्वालियर, मध्य प्रदेश में राजस्थान अंडर 16 टीम के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन बुधवार को राजस्थान अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 72 ओवरों में 10 विकेट खो कर 192 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से चंद्रांश यादव ने 58 रन बनाये। आदित्य बैदवाल तथा प्रतीक गंधर्व ने 26-26 रनों का योगदान दिया।

उनके अतिरिक्त उज्जवल मरकाम ने भी 23 रन बनाये। राजस्थान की ओर से रोहन चौधरी, भव्य अगल तथा अनुराग लखन ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 92.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 211 रन बनाए। राजस्थान की ओर से अनुराग लखन ने 67 रन, रोहन चौधरी ने 47 रन तथा यश शर्मा ने 41 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से यथार्थ सिंह चौहान ने 3 विकेट, अरहम नाहर तथा तुश्या प्रजापति ने 2-2 विकेट तथा अर्शवीर सिंह भाटिया ने 1 विकेट प्राप्त किए।दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 15 ओवर में 2 विकेट खोकर 39 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 20 रनों से आगे है।

### दुनियाभर में ब्रेन ट्यूमर के बढ़ते जोखिम को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ कर रहे सावधान

# बार-बार होने वाले सिरदर्द को न करें अनदेखा, हर साल 2.5 लाख से अधिक लोग आ रहे इसकी चपेट में

हम में से अधिकतर लोग अक्सर होने वाले सिरदर्द, सामान्य बुखार जैसी समस्याओं को अनदेखा कर देते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि कुछ स्थितियों में इसके गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं? सामान्य सी दिखने वाले येसमस्याएं कुछ स्थितियों में गंभीर अंतर्निहित बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं, जिसके कारण जान जाने का भी खतरा हो सकता है। दुनियाभर में ब्रेन ट्यूमर के बढ़ते जोखिमों को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ लोगों को सावधान कर रहे हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल ब्रेन ट्यूमर ढाई लाख से अधिक लोगों की मौत का कारण बन रहा है।

साल 2020 में ब्रेन ट्यूमर और इसके कारण होने वाले कैंसर से 2.46 लाख लोगों की मौत हो गई। डॉक्टर बताते हैं, हो सकता है कि ब्रेन ट्यूमर होने के बावजूद भी आपको कई वर्षों तक इस बारे में पता ही न चले। कई मामलों में ट्यूमर का विकास इतनी धीमी गति से होता है कि इसके लक्षण नजर ही नहीं आते हैं। इस स्थिति में जरूरी है कि आप कुछ सामान्य संकेतों पर गंभीरता से ध्यान देते रहें। यही कारण है कि डॉक्टर अक्सर होने वाले सिरदर्द को अनदेखा न करने की सलाह देते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे पता लगाया जा सकता है कि कहीं आपको ब्रेन ट्यूमर तो नहीं है?



### ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों के बारे में जानने से पहले ये समझ लेना आवश्यक है कि आखिर ब्रेन ट्यूमर होता क्या है?

ब्रेन ट्यूमर, मस्तिष्क में या उसके आस-पास की कोशिकाओं में अनियंत्रित वृद्धि के कारण होता है। ये कैंसर कारक भी हो सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि मस्तिष्क में 120 से अधिक विभिन्न प्रकार के ट्यूमर विकसित हो सकते हैं। यदि परिवार में किसी को ब्रेन ट्यूमर हुआ हो तो अन्य लोगों को भी सावधान रहने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा प्लास्टिक और रसायन उद्योग में काम करने वाले लोगों में भी इसका खतरा हो सकता है। आनुवांशिकता के साथ लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के साथ कई तरह की पर्यावरणीय स्थितियों के कारण आप इस गंभीर समस्या का शिकार हो सकते हैं?

### आपको भी तो नहीं होता है अक्सर सिरदर्द

डॉक्टर बताते हैं, ब्रेन ट्यूमर की स्थिति में आपको कई प्रकार की दिक्कतें होती रह सकती हैं, सिरदर्द होना इसका सबसे आम संकेत है। डॉक्टर कहते हैं, सिर में दर्द या दबाव जो सुबह के समय ज्यादा बढ़ जाता है या अक्सर बने रहने वाला सिरदर्द कई मामलों में ब्रेन ट्यूमर का संकेत हो सकता है। अगर आपको भी इस तरह की दिक्कत रहती है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें। मस्तिष्क में होने वाले ट्यूमर के लक्षण इसके आकार और स्थान पर निर्भर करते हैं। कई मामलों में लक्षण इस बात पर भी निर्भर करते हैं कि ब्रेन ट्यूमर कितनी तेजी से बढ़ रहा है? सिरदर्द होना इसका प्रारंभिक संकेत माना जाता है, इसे अनदेखा न करें।



### ब्रेन ट्यूमर के इन लक्षणों के बारे में भी जानिए



जिन लोगों को ब्रेन में ट्यूमर की समस्या होती है उन्हें कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम रहता है और इसके कई तरह के लक्षण हो सकते हैं। सिर में दर्द या दबाव जो सुबह के समय ज़्यादा होता है।बार-बार होता है और ज्यादा गंभीर रूप से होने वाला सिरदर्द।मतली या उल्टी जैसा महसूस होना। आंखों की समस्याएं, जैसे कि धुंधला दिखाई देना, दोहरी दृष्टि।हाथ या पैर में संवेदना या गति कम हो जाना।शारीरिक संतुलन और बोलने में कठिनाई महसूस होना। समय के साथ याददाश्त संबंधी समस्याएं होना। अक्सर चक्कर आना या ऐसा महसूस होना कि दुनिया घूम रही है।

### ब्रेन ट्यूमर हर बार कैंसर नहीं

ब्रेन ट्यूमर के सभी मामले कैंसर वाले हों ये जरूरी नहीं है। समय पर इलाज से इसके गंभीर रूप लेने का खतरा कम किया जा सकता है। अगर आपकी उम्र अधिक है, आप मोटापे का शिकार हैं या फिर रसायनों के संपर्क में अधिक रहते हैं तो ब्रेन ट्यूमर के संकेतों पर गंभीरता से ध्यान देते रहना जरूरी है।

# राष्ट्रीय साइकिल पोलो में दम दिखाएंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी

**भिलाई।** भारतीय सायकल पोलो महासंघ द्वारा आरा बिहार में 46वीं सीनियर पुरुष, 44 जूनियर बालक एवं 40वीं सब जूनियर बालक राष्ट्रीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है।

भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार तथा बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु

- आरा बिहार के लिए रवाना हुई टीम, उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद




छत्तीसगढ़ टीम बुधवार को दुर्ग से रवाना हुई। टीम के चीफ कोच देवप्रकाश वर्मा ने बताया कि इस बार तीनों वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करने की कोशिश रहेगी। छत्तीसगढ़ टीम में रोहन तांडी (कप्तान), चंद्रशेखर साहू, शैलेन्द्र, करण शाह, पंकज सिंह, पीयूष साहू, शुभम यादव, राहुल निर्मलकर, सौरभ दास मानिकपुरी और देवेश चंद्राकर हैं। वहीं सब जूनियर बालक में भावेश साहू, सौरभ सिन्हा, तेजेश्वर देशमुख, तन्मय निर्मलकर, भावेश निर्मलकर, पुष्कर साहू, तुषार देवांगन एवं मृणाल गजभिए हैं। कोच देवप्रकाश वर्मा, शशांक देशमुख, अभिषेक जायसवाल एवं मैनेजर कामेश्वर साहू हैं। उन्होंने बताया कि सब जूनियर बालक को विगत 16 वर्षों में 9 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक तथा 3 कांस्य पदक प्राप्त हो चुके हैं। गत वर्ष कांस्य पदक प्राप्त हुआ था। वहीं जूनियर बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ को गत वर्ष स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ था तथा विगत 16 वर्षों में 10 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक तथा 2 कांस्य पदक जीत चुकी है। सीनियर पुरुष को गत वर्ष कांस्य पदक प्राप्त हुआ था।प्रतियोगिता में कुल 22 राज्यों के अलावा भारतीय वायु सेना, प्रादेशिक सेना एवं भारतीय थल सेना की टीम भी भाग ले रही है। टीम की रवानगी के अवसर पर पवन कुमार शर्मा अध्यक्ष दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ, ई. वी. सुनील उपाध्यक्ष दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ,सुभाष टहनगुरिया उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ,विनायक चन्नावार संयुक्त सचिव भारतीय सायकल पोलो महासंघ, नरेंद्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बीएसपी साइक्लिंग क्लब, परविंदर सिंह अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, एस के तिनगुरिया उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ, शशिकांत पांडे सदस्य दुर्ग जिला सायकल पोलो संघ आदि उपस्थित थे।

# घर में गैस पर आसानी से बनाएं बाटी-चोखा



अगर आपके पास ओवन या एयरफ्रायर भी नहीं है तो घर के गैस चूल्हे पर भी बाटी बनाई जा सकती है। यहां आपको गैस-चूल्हे पर बाटी बनाने का आसान तरीका बताया जा रहा है। गैस पर बाटी बनाना काफी आसान है और इसका स्वाद भी तंदूरी बाटी जैसा ही होता है। आइए जानते हैं स्टेप-बाय-स्टेप बाटी बनाने की विधि। दो कप गेहूं का आटा, दो बड़े चम्मच सूजी, चार चम्मच घी, नमक, बेकिंग पाउडर, हींग, जीरा, पानी, घी।

### बाटी बनाने की आसान विधि

स्टेप 1- एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा, सूजी, नमक, हींग और जीरा डालकर मिला लें। चार बड़े चम्मच घी के डालकर अच्छी तरह से मिला लें।

स्टेप 2- थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए सख्त आटा गूथ लें और गूथे हुए आटे को 15-20 मिनट ढककर रख दें।

स्टेप 3- बाटी बनाने के लिए छोटे-छोटे आकार की लोइयां लेकर गोल बना लें। हल्के हाथों से गोलों को हल्का चपटा करें। ध्यान रखें कि इसमें कोई दरार न आए। बाटी बनाने के लिए फिलिंग का तरीका वैसा ही रखें जैसे ओवन और तंदूर में होता है। आप सत्तू भी बाटी में भर सकते हैं।

स्टेप 4- गैस पर बाटी सेंकने के लिए तवा या जाली (ग्रिल स्टैंड) का उपयोग करते हुए तवे को गैस पर रखकर गर्म करें। इसमें बाटियों को रखें और धीमी आंच पर सेंके।



# राष्ट्रीय तीरंदाजी के रिकर्व वर्ग में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** यहां जारी एनटीपीसी जूनियर (रिकर्व, कंपाउंड एवं इंडियन राउंड) राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में देशभर से आए जूनियर तीरंदाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरुष एवं महिला वर्ग की रिकर्व स्पर्धा में कड़े मुकाबलों के बीच मेडल टैली घोषित की गई। 70+70 मीटर दूरी – पुरुष वर्ग (रिकर्व) में महाराष्ट्र के सैराज दिनेश हनमे ने 684 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के उज्जवल धामा ने 674 अंकों के साथ रजत तथा राजस्थान के अथर्व शर्मा ने 673 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

पुरुष व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में हरियाणा के अगस्त्य सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। राजस्थान के आदित्य जावा दूसरे तथा पश्चिम बंगाल के जुएल सरकार तीसरे स्थान पर रहे। 70+70 मीटर दूरी – महिला वर्ग (रिकर्व) में मध्यप्रदेश की क्रातिका बिचपुरिया ने 659 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की माधवी चौहान (657 अंक) को रजत और हरियाणा की तमन्ना देशवाल (647 अंक) को कांस्य पदक मिला। महिला व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में राजस्थान की प्रांजल ठोलिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की तमन्ना देशवाल दूसरे तथा ओडिशा की मानसवरी हसदक तीसरे स्थान पर रहीं। मिक्स्ड टीम रिकर्व स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की जोड़ी उज्जवल धामा एवं माधवी चौहान ने स्वर्ण पदक




जीता। महाराष्ट्र की टीम सैराज दिनेश हनमे एवं कुमकुम अनिल मोहोड़ को रजत, जबकि तमिलनाडु की टीम स्मरण सर्वेश एवं जे. तौफिना बेगम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान मिली है। संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और भविष्य के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार होते हैं।

### सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंतर्गत रिकर्व राउंड के मुकाबले सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर आयोजित समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में टोपलाल वर्मा (प्रांत संघचालक-आरएसएस), डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल (चिकित्सक), नरेश गुप्ता (सीए एवं भाजपा नेता) तथा पद्मश्री सम्मानित पूर्णिमा महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर टोपलाल वर्मा ने तीरंदाजी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन संस्कृति और अध्यात्म से गहराई से जुड़ी हुई विधा है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो खिलाड़ी पदक जीतने से चूक गए हैं, उन्हें हताश नहीं होना चाहिए, बल्कि और अधिक मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार भी सफलता की ओर बढ़ने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है और यही अनुभव खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। आयोजकों ने जानकारी दी कि रिकर्व राउंड के मुकाबलों का समापन हो चुका है। अब कंपाउंड वर्ग के खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे, इसके बाद से कंपाउंड वर्ग की स्पर्धाएं प्रारंभ होंगी।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नेटफ्लिक्स की वॉर्नर ब्रदर्स वाली डील से भारतीय थिएटर्स को झटका



भारत में सिनेमाघरों की दुनिया एक बड़े बदलाव की दहलीज़ पर खड़ी है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स द्वारा हॉलीवुड की बड़ी कंपनी वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने की घोषणा के बाद भारतीय फिल्म जगत में हलचल मच गई है। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) ने इस प्रस्तावित सौदे पर गंभीर आपत्तियां जताते हुए कहा है कि यह भारत की थिएटर आधारित फिल्म अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है।

मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का कहना है कि अगर एक ऐसा डिजिटल मंच, जो पहले ही सिनेमाघरों में फिल्में दिखाने को प्राथमिकता नहीं देता, दुनिया के सबसे बड़े फिल्म स्टूडियो में से एक को खरीद लेता है, तो सिनेमाघरों में मिलने वाली उच्च स्तर की फिल्मों की संख्या घट सकती है। संभावना यह है कि भारी बजट की अंतरराष्ट्रीय फिल्में सीधे इंटरनेट मंचों पर ही जारी हों और सिनेमाघरों को उनका परंपरागत प्रदर्शन समय ही न मिले। इसका प्रभाव टिकट बिक्री, फिल्म की उपलब्धता और संपूर्ण सिनेमा प्रणाली पर पड़ेगा। वॉर्नर ब्रदर्स लंबे समय से भारतीय सिनेमाघरों के लिए एक भरोसेमंद सहयोगी रहा है, जो लगातार बड़ी अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय फिल्मों को थिएटर में जारी करता आया है। अगर नेटफ्लिक्स इस स्टूडियो का मालिक बन जाता है तो माना जा रहा है कि फिल्म जारी करने की नीति बदल जाएगी और इंटरनेट-प्रथम मॉडल को बढ़ावा मिलेगा। एमएआई का कहना है कि इससे भारत में लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।

### टॉलीवुड

## दुलकर ने अमल के साथ 14 साल पूरे होने का मनाया जश्न



अभिनेता दुलकर सलमान ने अपनी पत्नी अमल सूफिया के साथ शादी के 14 साल पूरे होने का जश्न मनाया। दुलकर ने पत्नी के साथ कई प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और एक प्यारा नोट भी लिखा। दुलकर सलमान ने 22 दिसंबर 2011 को अमल सूफिया से शादी की थी। इस जोड़े की एक बेटी है, जिसका नाम मरियम है। आज दुलकर सलमान ने अपनी पत्नी अमल के साथ 14 साल की शादी की सालगिरह का जश्न मनाया। आज दुलकर ने पत्नी के साथ कई प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीं और साथ ही एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा। दुलकर ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी के साथ कई रोमांटिक और प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ दुलकर ने एक भावुक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने अपने रिश्ते के बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने शादी के दिन को याद करते हुए लिखा कि वे दोनों अलग-अलग परिवारों से आए दो अलग लोग थे। नए-नए शादीशुदा, एक स्टेज पर साथ खड़े थे। घबराए हुए, उम्मीद से भरे और भविष्य को लेकर उत्साहित। आज उन्होंने साथ मिलकर एक सुंदर घर और जिंदगी बनाई है, वो भी अपने सबसे बड़े आशीर्वाद (बेटी) के साथ। अब वे अपने करियर और घर दोनों में अपने व्यक्तिगत और साझा सपनों को पूरा कर रहे हैं। दुलकर ने लिखा कि वे अमल के जीवनसाथी होने पर बहुत शुक्रगुजार, खुश और गर्व महसूस करते हैं। दुनिया भी मानती है कि अमल हमेशा बेहतर पार्टनर हैं। दुलकर ने पत्नी अमल के लिए लिखा, '14वीं सालगिरह मुबारक हो मेरी जान। मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं।' दुलकर की इस पोस्ट पर फैंस ने ढेर सारी बधाइयां दीं। दुलकर सलमान और अमल अपना रिश्ता ज्यादातर निजी रखते हैं।

### छॉलीवुड

## 'धनेश की आराधना' आज होगी रिलीज दर्शकों का प्यार मिलने की उम्मीद



एमए प्रीवियस की सफलता के बाद अरण्य सिनेमा की अगली प्रस्तुति 'धनेश की आराधना' 25 दिसंबर को रिलीज़ होने जा रही है। इससे पूर्व अरण्य सिनेमा के निर्माता राज वर्मा छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अभिनेता, निर्माता, निर्देशक एवं लेखक के तौर पर 5 फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं जिसमें फिल्म तरी हरी नाना, मनमोहिनी, बी.ए. फाइनल ईयर, दूल्हा राजा, एम ए प्रीवियस शामिल हैं। फिल्म - ₹ धनेश के आराधना ₹ के निर्माता राज वर्मा एवं लेखक व निर्देशक प्रणव झा हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका के तौर पर पर्दे पर पहली बार आ रहे इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर धनेश साहू है। जिनके इंस्टाग्राम में 10 लाख से भी अधिक फॉलोअर हैं। वे हास्य वीडियो बनाते हैं इन्हें पहली बार बड़े पर्दे में मुख्य भूमिका में पहली बार काम करने का अवसर मिला है। फिल्म की अभिनेत्री आराधना साहू है जिन्हें फिल्म के निर्माता राज वर्मा ने एम.ए. प्रीवियस में इंट्रोड्यूस किया था। यह उनकी दूसरी फिल्म है, साथ ही इस फिल्म में इंस्टाग्राम में फेमस टीम में से काका का किरदार निभाने वाले एवं सेवक का किरदार निभाने वाले कलाकार के साथ छत्तीसगढ़ी और भोजपुरी के स्थापित अभिनेता शमशीर सीवानी भी फिल्म में बेहतरीन कैरेक्टर में नजर आएंगे। सीवानी अपने अब तक के करियर में पहली बार नेगेटिव किरदार में नजर आएंगे। वहीं साथी कलाकार के रूप में दादू साहू, धर्मेंद्र चौबे, कुबेर नेताम, जयंती मनहर, संगीता निषाद, राजेश बाघमारे, पूनम गोस्वामी, मंदिरा नायक, दीपाली पांडे इत्यादि कलाकार नज़र आएँगे।

### लाइफ स्टाइल



फैशन

इस साल, लागोस के विक्टोरिया आइलैंड के बालमोरल कन्वेंशन सेंटर में हुए फैशन फाइनेस्ट एपिक शो के 5वें एडिशन की थीम "भविष्य के लिए फैशन" रखी गई थी। फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो अफ्रीका में फैशन इंडस्ट्री के सबसे अच्छे टैलेंट को अपनी कला, क्रिएटिविटी और खासियत दिखाने के लिए इकट्ठा करता है। फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका की चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सोला ओयेबडे ने कहा, फैशन्स फाइनेस्ट अफ्रीका में हम जिन चीज़ों पर बहुत ध्यान देते हैं, उनमें से एक नए और उभरते हुए डिज़ाइनरों को प्रमोट करना है।

## बिना डाई के ऐसे काले करें अपने बाल, कम उम्र के लोगों के काम आएंगे ये घरेलू नुस्खे

आजकल की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खान-पान का सीधा असर लोगों के स्वास्थ पर पड़ने लगा है। खासतौर पर प्रदूषण की वजह से बाल काफी कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में बालों का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। कई बार तो बालों का ध्यान रखने के बावजूद बहुत से युवा कम उम्र में ही बालों के सफेद होने से परेशान रहते हैं। ऐसे में यहां हम आपको कुछ ऐसी प्राकृतिक चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बाल अपने आप काले होने लगेंगे। हालांकि इन चीजों के इस्तेमाल से बाल पूरी तरह से काले नहीं होते, लेकिन हां थोड़ा-बहुत इनका असर जरूर दिखता है।

यदि आप हमारे बताए गए उपायों को फॉलो करने का सोच रहे हैं, तो एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहे।

### आंवला इस्तेमाल करें

आंवला में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को न सिर्फ काला करते हैं, बल्कि उन्हें आंतरिक रूप से मजबूत भी बनाते हैं। ऐसे में चाहें तो आंवले के तेल से बालों की नियमित मालिश करें। इसके अलावा आप आंवला पाउडर को पानी में उबालकर पेस्ट बना लें और इसे बालों में लगाएं। इसके इस्तेमाल से भी बाल काले हो सकते हैं।

### करी पत्ता और नारियल तेल



करी पत्ते में पाए जाने वाले तत्व आपके बालों को मजबूत बनाने और काला करने में मदद करेंगे। करी पत्तों को नारियल तेल में उबालकर ठंडा करें। इस तेल से हफ्ते में 2-3 बार मालिश करें। इसका असर भी आपको कुछ दिनों में दिखने लगेगा।

### भृंगराज तेल

भृंगराज को केश राजा कहा जाता है। ऐसे में भृंगराज तेल से सिर की मालिश करें। आप भृंगराज पाउडर को पानी में मिलाकर मास्क के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी आपके बाल प्राकृतिक रूप से काले हो जाएंगे।

## लाख रुपए से ज्यादा की होती है कुछ साड़ियां, अनमोल है महिलाओं की शोभा





हर भारतीय महिला के लिए साड़ी काफी खास परिधान होता है। इसे वो शादी-विवाह से लेकर पार्टियों में भी कैरी करना पसंद करती हैं। आजकल तो समय ऐसा है कि जो विदेशी महिलाएं भारत घूमने आती हैं, वो भी साड़ी ही पहनना पसंद करती हैं। लोगों को लगता है कि साड़ी काफी सस्ती आती हैं, जबकि ऐसा नहीं है। भारत में कई इस तरह की साड़िया भी बनती हैं, जो लाखों रुपये की आती हैं।

साड़ियों को विदेशों में भी प्रचलित करने के लिए 21 दिसंबर को साड़ी डे मनाया गया है। आपको भी भारत में मिलने वाली सबसे महंगी साड़ियों के बारे में जानना चाहिए। ये सभी साड़ियां अपने जटिल काम की वजह से काफी महंगी आती हैं और इनपर काम काफी महीन होता है।



### कांचीपुरम सिल्क साड़ी

कांचीपुरम की ये साड़ियां मूलरूप से तमिलनाडु में बनाई जाती हैं और इनमें असली सोने व चांदी की जरी का उपयोग होता है। इनकी गुणवत्ता और बुनाई कला इन्हें खास बनाती है। कीमत की बात करें तो कांचीपुरम सिल्क की कीमत साड़ी 1 लाख से 40 लाख रुपये तक की होती है। इसकी कीमत इसके जरी के काम पर निर्भर करती है।

### बनारसी सिल्क साड़ी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी की यह साड़ियां जटिल जरी वर्क और रिच सिल्क से बनी होती हैं। यह शादी और विशेष अवसरों पर पहनी जाती हैं। खासतौर पर बनारसी सिल्क की साड़ियां नई दुल्हनों को चढ़ाई जाती हैं। इन साड़ियों की कीमत 5,000 से 10 लाख तक होती है। बनारसी सिल्क की साड़ी देखने में काफी कमाल की होती है।

### पाटन पटोला

गुजरात की यह साड़ियां डबल-इकट तकनीक से बनाई जाती हैं। यह साड़ी अपनी जटिल बुनाई, शानदार डिजाइन, और समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।

## सर्दियों में चाहिए दमकती त्वचा तो ये स्किन केयर रूटीन अपनाएं


बहुत से लोग स्किन केयर रूटीन फॉलो करने के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स लाते हैं, जबकि आप साधारण तरह से भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकते हैं। इससे आपके पैसे भी बच जाएंगे, साथ ही में आपका चेहरा भी चमकेगा। तो चलिए आपको बिना देर किए आपको सर्दियों में स्किन केयर रूटीन करने का सही तरीका बताते हैं, ताकि आप भी इसका फायदा ले सकें।

### क्लींजर है जरूरी

सर्दियों में चेहरे को साफ रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए हमेशा ऐसा क्लींजर चुनें जो त्वचा से नमी को हटाए बिना गंदगी को साफ करे। चेहरा साफ करने के लिए गर्म पानी के इस्तेमाल से बचें। ज्यादा गर्म पानी से त्वचा शुष्क हो सकती है, इसलिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं

त्वचा पर अगर सही मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल न किया जाए तो त्वचा रूखी होने



लगती है, क्योंकि सर्दियों में त्वचा को अधिक हाइड्रेशन की आवश्यकता होती है। हाइलूरोनिक एसिड, शीया बटर, और ग्लिसरीन वाले मॉइश्चराइजर अच्छे विकल्प हैं।

### एक्सफोलिएट करें

त्वचा की डेड स्किन को हटाने के लिए हल्के एक्सफोलिएटर का उपयोग करें। बस ध्यान रखें कि ये स्क्रब या एक्सफोलिएटर आपकी त्वचा के हिसाब से होना चाहिए। बस ध्यान रखें कि बार-बार एक्सफोलिएशन त्वचा को और शुष्क कर सकता है।

## चेहरे पर कोल्ड क्रीम लगाने का सही तरीका जरूर जानिए, मिलेगी तारीफ


सर्दी के मौसम में हर कोई त्वचा का रूखेपन से परेशान रहता है। इस रूखेपन को दूर करने के लिए लोग कई तरह के बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। बाजारों में आजकल हर स्किन टाइप के हिसाब से क्रीम मिल जाती है, जो त्वचा संबंधी कई परेशानियों को दूर करती हैं। पर, कई बार ये देखने को मिलता है कि बॉडी लोशन और कोल्ड क्रीम भी त्वचा के रूखेपन को दूर नहीं कर पाते। ये आपकी लापरवाही की वजह से हो सकता है।

### चेहरा साफ करें

कोल्ड क्रीम या फिर कोई सी भी क्रीम लगाने के पहले अपने चेहरे को हल्के गुनगुने पानी और माइल्ड फेसवॉश से धो लें। चेहरे को धोने के बाद इसे पूरी तरह से सुखा जरूर लें, ताकि क्रीम चेहरे पर सही से सेट हो जाए।

### डॉट्स में लगाएं

अक्सर लोग क्रीम को सीधा हाथ में लेते हैं और उसे चेहरे पर रगड़ लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। क्रीम को हमेशा चेहरे पर डॉट्स की तरह माथे, नाक, गाल, और ठुड्डी पर लगाएं। फिर इसे हल्के हाथ से रब करें।



### सर्कुलर मोशन में मसाज करें

क्रीम को अपनी उंगलियों पर लेकर चेहरे की सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें। आंखों के आसपास क्रीम लगाते समय ध्यान रखें कि क्रीम आंखों के अंदर न जाए, वरना आपको परेशानी हो सकती है।

### रात को लगाएं

यदि आप चाहते हैं कि क्रीम का असर चेहरे पर जल्दी हो तो कोल्ड क्रीम को नाइट क्रीम के रूप में इस्तेमाल करना बेहतर है। इसे लगाने के बाद त्वचा हाइड्रेटेड और मुलायम रहती है।

### कार्नर न्यूज

### खास मौके के लिए खुद को करें बेहतरीन ढंग से स्टाइल

## 31 दिसंबर की पार्टी के लिए पहनें ऐसे कपड़े कड़ाके की ठंड में मिलेगा आकर्षक स्टाइल

नए साल के स्वागत के लिए लोग 31 दिसंबर को रात पार्टी करते हैं। दिसंबर और जनवरी कड़ाके की ठंड का समय है। इस दौरान बेहद सर्द हवाएं चलती हैं। अब अगर इतनी सर्दी में घर से बाहर पार्टी करने जा रहे हैं तो ठंड से बचाव भी जरूरी है ताकि स्वास्थ्य पर असर न पड़े। इसके लिए सर्दियों वाले कपड़े, जैसे स्वेटर, कोट, जैकेट आदि पहनकर ही घर से निकल सकते हैं। लेकिन ये आपका लुक खराब कर देंगे। पार्टी में स्टाइलिश लुक चाहिए और सर्दी से बचना भी है तो कुछ ऐसे फैशन हैक्स हैं जो काम आ सकते हैं। 31 दिसंबर की रात नए साल की पार्टी में शामिल हो रहे हैं तो खुद को इस तरह से लड़कियां स्टाइल कर सकती हैं और सर्दी से भी बच सकती हैं।

### लेदर ट्राउजर

ब्लैक लेदर ट्राउजर सर्दियों में पार्टी के लिए ग्लैमरस आउटफिट में गिनी जा सकती है। इस तरह की पैंट या ट्राउजर के साथ आप ऑफ शोल्डर वूलन टॉप, शिमर शॉर्ट ब्लेजर, डीप नेकलाइन कोट या वुलन पुलओवर




पहन सकती हैं। ये स्टाइलिश भी लगता है और सर्दी में आपके शरीर को गर्माहट भी देता है।

### सर्दियों की पार्टी के लिए स्कर्ट

मिनी स्कर्ट के साथ लैदर जैकेट आपको बोल्ड लुक दे सकता है। अगर आप मिनी स्कर्ट पहन रही हैं तो लॉन्ग नी लेंथ बूट्स से खुद को स्टाइल करें। सर्दी से बचने के लिए हिक टाइट या लेगिंग पहन सकती हैं। इसके अलावा नी लेंथ टेनिम स्कर्ट के साथ स्टाइलिश वुलन टॉप, पुलओवर पहन सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में स्कार्फ या मफलर को जोड़ा जा सकता है। बूट या शूज पहन सकती हैं।

